हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 42.8 डिग्री
न्यूनतम 26.2 डिग्री


बुधवार की रात उसलापुर ओवरब्रिज के नीचे आग लग गई। जिसके कारण ओवरब्रिज पर ट्रैफिक जाम हो गया।



## खबर संक्षेप

### सुबह 10 बजे से ली जाएगी व्यापमं की परीक्षाएं




**बिलासपुर।** भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए व्यापम द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के समय में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अब परीक्षाएं सुबह 10 बजे से प्रारंभ होंगी, जबकि पूर्व में ये परीक्षाएं प्रायः दोपहर 12 बजे से आयोजित की जाती थीं। व्यापमं द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के समय में बदलाव करते हुए अभ्यर्थियों को राहत देने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में मंडी बोर्ड की उप निरीक्षक परीक्षा 26 अप्रैल, 14 मई को एसएससी नर्सिंग एवं पीईटी प्रवेश परीक्षा तथा 21 मई को पीपीएचटी परीक्षा भी सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने टीएल बैठक में इन परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के लिए शीतल पेयजल, पंखे तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि भीषण गर्मी के बीच अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अभ्यर्थियों को बदले हुए समय का ध्यान रखने और उसके अनुरूप समय पूर्व केंद्रों में पहुंचने का आग्रह किया है। प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

### लेखा प्रशिक्षण हेतु आवेदन 31 मई तक

**बिलासपुर।** प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला बिलासपुर द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई से अक्टूबर 2026 तक के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र 1 मई से 31 मई तक निर्धारित कार्यालयीन समय में शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग तृतीय तल बिलासपुर में जमा किए जा सकेंगे। बिलासपुर संभाग के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय कार्यालय प्रमुखों से अपेक्षा की गई है कि उनके विभाग एवं कार्यालय में पदस्थ वे लिपिक कर्मचारी, जिन्होंने तीन वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली है, इच्छुक होने पर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करें। पूर्व में आवेदन कर चुके सभी कर्मचारियों को भी इस सूचना के प्रकाशन उपरांत प्रवेश के लिए पुनः आवेदन करना अनिवार्य होगा।

### कृषि संकल्प अभियान के लिए टीम गठित

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में 5 मई से 20 मई तक विकसित कृषि संकल्प अभियान संचालित किया जाएगा, जिसके माध्यम से किसानों को खरीफ सीजन की तैयारी एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। अभियान के सफल आयोजन के लिए टीम गठित कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। यह टीम सभी विकासखण्डों में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करेगी। इस अभियान के सफल संचालन के लिए विभाग ने अलग-अलग विकासखंडों के लिए विशेषज्ञों की दो-दो टीम गठित की है। बिल्हा विकासखंड में कृषि विज्ञान केंद्र की विशेषज्ञ डॉ. शिल्पा कौशिक, डॉ.स्वाति शर्मा, एडीओ डीपी दिवाकर और सीपी धुरवे को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। मस्तूरी क्षेत्र में जानकारी प्रदान करने के लिए विशेषज्ञ हेमकांति बंजारे, डॉ. निवेदिता पाठक, एडीओ केएस मार्को और अनामिका वर्मा की ड्यूटी लगाई गई है।

# भीषण गर्मी : बिजली का लोड बढ़ गया 30 फीसदी से अधिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी में घर और व्यवसायिक संस्थानों में दिन भर कूलर, पंखे, एसी चलने के कारण ट्रांसफार्मर और बिजली के खंभों में अतिरिक्त भार पड़ रहा है, जिसकी वजह से लगातार ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत आ रही है। बिगड़े और जले हुए ट्रांसफार्मर को चेंज करने के लिए विभाग हाथ खड़े कर रही है। वहीं लगातार 24 घंटे बिजली के उपयोग से लोड भी 30 फीसदी से अधिक बढ़ चुका है, जिसकी वजह से विभाग को घंटो बिजली बंद कर बचाने का काम भी करना पड़ रहा है।

मार्च और अप्रैल से गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। सुबह 8 बजे के बाद से तेज धूप और दोपहर से रात तक गरम हवाओं की वजह से लोगों का बाहर निकलना दूभर हो गया है। काम पर निकलने वाले लोग चेहरों पर कपड़ा और चश्मा लगाकर निकल रहे हैं। गर्मी की वजह से घर और व्यवसायिक संस्थानों पर कूलर, पंखे और एसी का उपयोग 24 घंटे हो रहा है। कुछ मिनटों के लिए बिजली बंद होने के कारण लोग गर्मी से हलाकान होने लगे हैं। विद्युत वितरण कंपनी भी प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में ही घंटो बिजली बंद करने के बाद मेंटनेंस करते हुए



केबल के ऊपर आने वाले पेड़ों की डंगालें, पुराने उपकरण, केबल व अन्य सामानों को चेंज करने का काम करती है। इसके बाद भी बिजली बंद की समस्या कम नहीं हो पाती है। बिजली का उपयोग 24 घंटे होने के कारण ट्रांसफार्मर, सब स्टेशनों पर अतिरिक्त भार पड़ने के साथ ही लोड 30 फीसदी से अधिक बढ़ गया है, जिसके कारण विभाग को भी बिजली सप्लाई करने में परेशानी उठानी पड़ रही है।

### गांवों में लगातार जल रहे ट्रांसफार्मर

गर्मी के धान वाले इलाकों में इन दिनों लगातार ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत आ रही है। गर्मी के धान को अधिक पानी की आवश्यकता रहती है। इसके लिए 24 घंटे हजारों पंप चल रहे हैं। दिन रात पंप चलने के कारण आसपास लगने वाले ट्रांसफार्मर जलने की समस्या प्रतिदिन की हो गई है। ट्रांसफार्मर जलने के बाद उसे चेंज कराने का आवेदन लेकर ग्रामीण जब विभाग के पास पहुंचते हैं, तो उनके पास अतिरिक्त ट्रांसफार्मर नहीं होने की वजह से ग्रामीण भी आक्रोशित हो रहे हैं।



### ट्रांसफार्मर की कमी नहीं

भीषण गर्मी के दौरान बिजली का अतिरिक्त लोड करीब 30 फीसदी से अधिक बढ़ गया है। ग्रामीण एरिया में ट्रांसफार्मर जलने के बाद अगर किसी तरह की शिकायत आती है तो उसे तत्काल बदलने का काम किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर और अन्य सामानों की विभाग के पास कोई भी कमी नहीं है।

– **सुरेश जांगड़े**, एसी,
विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

### लोड का कारण 24 घंटे बिजली उपयोग

विभागीय अफसरों के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश की बिजली सभी जिलों के साथ आसपास के कई प्रदेश सहित जम्मू तक सप्लाई होती है। इसके कारण उत्पादन अधिक रखना पड़ता है। ठंड और बारिश के दिनों में यह समस्या कम रहती है। गर्मी में सभी को बिजली की आवश्यकता अधिक होने के कारण उत्पादन की मात्रा में बढ़ोत्तरी के साथ सप्लाई की डिमांड भी ज्यादा रहती है। प्रदेश के जिलों में बिजली गर्मी के दिनों में अधिक लगती है, जिसके कारण ही लोड और भार का बोझ विभाग पर अधिक होता है।




### सेक्टर डी और व्यापार विहार में कार्रवाई

# अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोज़र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने एक बार फिर अवैध प्लाटिंग पर बड़ी कार्रवाई की है। पांच एक एकड़ में हुई इस प्लाटिंग पर सड़क, बाउंड्री और गेट तक बना लिए गए थे। शिकायत के बाद पहुंची निगम की टीम ने पाया कि सेक्टर डी में बिना अनुमति, ले आउट डायवर्सन के जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है। कार्रवाई के तहत इन अवैध प्लाटिंग में बनाए गए सड़क को जमींदोज कर दिया गया है इसके अलावा व्यापार विहार में सड़क किनारे अवैध रूप से बनाए गए शेड को भी हटाया गया है।

तिफरा के सेक्टर डी में लक्ष्मी नारायण, रविनारायण खसरा नं. 1349/2 रकबा 1 एकड़, राजकुमार गुप्ता खसरा नंबर 1349/1 रकबा 55 डिस्मिल, राजेन्द्र कुमार पिता झाड़ु राम खसरा नंबर 1293 रकबा 67 डिस्मिल,दिलहरण खसरा नंबर 1294 रकबा 33 डिस्मिल द्वाराअवैध प्लाटिंग की जा रही थी। जिस पर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर निगम ने कार्रवाई की। कार्रवाई में भवन अधिकारी अनुपम तिवारी, जोन कमिश्नर भूपेंद्र उपाध्याय,सब इंजीनियर आशीष गुप्ता,आशीष पाण्डेय, शिव बहादुर जायसवाल समेत राजस्व विभाग का अमला एवं अतिक्रमण की टीम शामिल रही।


तिफरा सेक्टर डी में कार्रवाई करते निगम के अधिकारी।

- चार जगहों पर पांच एकड़ में की जा रही थी अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई
- व्यापार विहार में पानी की समस्या होगी दूर, सड़क और नाली बनेगी

### व्यापार विहार में मचा हंगामा

व्यापार विहार में सड़क और बाजार में शेड निकालकर अधिकांश दुकानों ने कब्जा कर लिया है। इसकी लगातार शिकायत निगम को मिल रही थी। बुधवार को महापौर श्रीमती पूजा विधानी, निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने स्थानीय व्यापारियों को लेकर पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने दुकान के बाहर लगाए गए शेड और बाहर रखे सामान को हटाने का निर्देश दिया। इसे लेकर कुछ व्यापारियों ने विरोध करते हुए एक तरह से घेराव कर दिया। इससे विवाद की स्थिति बन गई। निगम ने सख्ती दिखाई तो व्यापारियों ने सामान हटाने के लिए समय मांगा। निगम ने दो दिन का समय दिया है।

### एफसीआई गोदाम क्षेत्र में बनेगी नाली

महापौर और आयुक्त ने व्यापारियों के साथ संभागीय मंडी का भी जायजा लिया। व्यापारियों ने ताया कि व्यापार विहार में पानी की भारी किल्लत है, जहां 400 से अधिक थोक दुकानों में मात्र 10-12 में ही पानी की आपूर्ति हो पा रही है। भीषण गर्मी में व्यापारी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं और यह समस्या कारोबार को भी प्रभावित कर रही है। मुख्य कारण बोरवेल का जलस्तर गिरना और पानी टंकियों की सफाई के लिए वाल्व खराब होना बताया जा रहा है। साथ ही सड़क और नाली जाम की समस्या बताई गई। समस्या का निराकरण जल्द करने का आश्वासन दिया गया। बारिश के दिनों में पानी भरने की शिकायत पर एफसीआई गोदाम तक बड़ी नाली बनाने का फैसला लिया गया।

# तीन मंजिला छत से नीचे गिरे प्रेमी-प्रेमिका, प्रेमी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिफरा ईडब्ल्यूएस कालोनी स्थित तीन मंजिला मकान की छत से प्रेमी प्रेमिका नीचे गिर गए, जिससे प्रेमी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कालोनी में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक के शव व घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया। कालोनी की छत का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस वाले अंदर जाकर देखे तो वहां शराब की बोतल व दो बने हुए शराब के पैग, लड़के का कपड़ा व बेड शीट, कम्बल रखा हुआ था। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक युवती छत पर शराबखोरी कर रहे थे। हादसा कैसे हुआ इसका खुलासा नहीं हो पाया है।


मृतक

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा यदुनंदन नगर निवासी चिरंजीव उर्फ चिंटू पाण्डेय पिता हरेन्द्र पाण्डेय 23 साल चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी में काम करता था। उसका पिछले तीन साल से गांधी चौक की एक युवती से रिलेशनशिप था, वह पहले तिफरा स्थित ईडब्ल्यूएस कालोनी में रहता था, इसलिए वहां आना जाना लगा रहता था। 21 अप्रैल की रात चिरंजीव अपनी प्रेमिका को लेकर ईडब्ल्यूएस कालोनी स्थित भवन की छत पर गया और दरवाजा अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। 22 अप्रैल की सुबह 4.30 बजे दोनों तीन मंजिला छत के नीचे गिर गए। युवती की चीख सुनकर कालोनी वाले घरों से बाहर निकलकर नीचे आए तो युवक युवती खून से लथपथ पड़े हुए थे। गंभीर रूप से घायल युवती कालोनी के लोगों से प्लीज बचा लो कह रही थी। चिरंजीव उर्फ चिंटू के सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवक के शव व घायल युवती को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां युवती को रिफर कर दिया गया। घायल युवती का सिम्स में इलाज चल रहा है। दोनों छत से कैसे गिरे इसका खुलासा नहीं हो पाया है।



- तिफरा ईडल्यूएस कालोनी में हुई घटना, युवती अस्पताल में भर्ती
- छत का दरवाजा अंदर से था बंद, मिली शराब की बोतल और दो पैग


घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।

### छत में मिली शराब की बोतल, दो पैग

पुलिस जांच के लिए कालोनी की छत पर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था, किसी तरह दरवाजा खोलकर पुलिस छत पर गई तो शराब की बोतल व दो पैग, लड़के का कपड़ा, बेड शीट, कम्बल रखा हुआ था। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों वहां शराबखोरी कर रहे थे। दोनों छत से नीचे कैसे गिरे इसका खुलासा नहीं हो पाया है। बताया जाता है युवक युवती से बात नहीं करता था तो युवती उसके साथ विवाद कर मारपीट करती थी। आशंका जताई जा रही है कि शराबखोरी के दौरान दोनों के बीच विवाद होने पर दोनों छत से नीचे गिरे होंगे।

### सुबह 11 बजते ही आग उगल रहा सूरज

# गर्मी से राहत नहीं, कल से फिर चलेगी ग्रीष्म लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तापमान में गिरावट आने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने तापमान में अभी लगातार बढ़ोतरी होने एवं 24 अप्रैल से लू चलने की संभावना जाहिर की है। यह स्थिति 26 अप्रैल तक बनी रहेगी। भीषण गर्मी का यह आलम है कि शहर में सुबह 11 बजते ही लोग सड़कों पर निकलने से परहेज करने लगे हैं।

शहर में प्रचंड गर्मी का सिलसिला जारी है, लेकिन इसमें आगे भी अभी राहत के आसार नहीं हैं। सुबह आठ बजे से ही धूप चुभ रही है और ग्यारह बजते-बजते तो सूरज आगे उगलने लगा है। शहर के लोग भी अति आवश्यक कार्य नहीं होने की स्थिति में घर से बाहर सड़कों पर निकलने से बचने लगे हैं। मौसम वैज्ञानिक डा. एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में अधिकतम तापमान में और भी वृद्धि होने की संभावना बन रही है। इतना ही नहीं, बल्कि 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक प्रदेश के मध्य भाग में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बनने की संभावना है।


लगातार बढ़ रहा अधिकतम तापमान



### ऐसा है मौसम सारांश

मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका व हवा की अनियमित गति मराठवाड़ा से कोमोरिन क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसी तरह एक प्रति चक्रवात अंदरुनी महाराष्ट्र और उससे लगे तेलंगाना तथा उत्तर अंदरूनी कर्नाटक के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 कम ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में गुरूवार को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

# एयू में प्री-पीएचडी परीक्षा के लिए 2751 आवेदन आए

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में प्री-पीएचडी के लिए 27 सौ 51 आवेदन आनलाइन जमा हुए हैं। यूनिवर्सिटी द्वारा प्री-पीएचडी के लिए चार बार आवेदन की तिथि बढ़ाई गई थी। वहीं 23 विषयों में पीएचडी की 461 सीटें हैं।

- चार बार बढ़ाई गई थी आवेदन तिथि

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा इस बार प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा फार्म की तिथि चार बार बढ़ाई है और 20 अप्रैल आखिरी तिथि थी। इस तरह प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी के पास आनलाइन 27 सौ 51 आवेदन आए हैं। इससे पहले दो बार आनलाइन फार्म भरने की तिथि समाप्त होने के बाद यूनिवर्सिटी ने तीन और नए विषयों को पीएचडी में शामिल किया। इनमें गृह विज्ञान 4 सीट, खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी 4 सीट और हॉटल मैनेजमेंट एंड हास्पिटेलिटी 4 सीट शामिल है। इस तरह पीएचडी के विषयों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है और सीटों की संख्या भी बढ़कर 461 हो गई है। यूनिवर्सिटी की ओर से प्री-पीएचडी आनलाइन आवेदन का शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 1500 रुपए और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 1 हजार रुपए रखा गया था। यूनिवर्सिटी द्वारा प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए 23 जनवरी से आनलाइन आवेदन भराने की शुरूआत की गई थी। इसकी अंतिम तिथि 16 फरवरी रखी गई थी।

## खबर संक्षेप

### सीवी रमन विवि से विष्णुकांत को पीएचडी की उपाधि

बिलासपुर। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने शोधार्थी विष्णुकांत सोनी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।



विष्णुकांत ने कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विषय में अपना शोधकार्य किया, जिसका विषय मशीन लर्निंग तकनीकों का उपयोग करते हुए टेक्स्ट डिटेक्शन एवं रिकग्निशन हेतु मॉडल के डिजाइन के लिए नवीन दृष्टिकोण रहा। उनके शोध निर्देशक डॉ. विवेक शुक्ला एवं डॉ. एसआर टंडन रहे। डॉ. विष्णुकांत सोनी ने इस उपलब्धि का श्रेय पिता रामेश्वर प्रसाद सोनी, माता श्रीमती चेतना सोनी, पत्नी श्रीमती पुष्पलता सोनी, पुत्र विपुल व ओम सोनी को दिया है।

### विद्यार्थियों ने चलाया जनगणना जागरूकता अभियान



बिलासपुर। अमने और टाडा में डॉ.सीवी रमन विश्व विद्यालय की एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड इकाई के 50 विद्यार्थियों ने जनगणना जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को स्व-गणना की जानकारी दी। जनगणना के लिए आने वाली टीम को सही और पुख्ता जानकारी बिना डर और झिझक के सहयोग करने का निवेदन किया गया। इस पहल के लिए विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो.प्रदीप कुमार घोष, कुलसचिव डॉ.अरविंद कुमार तिवारी, सम कुलपति डॉ.जयती मित्रा, विश्व विद्यालय की एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड इकाई को बधाई दी है।

### संघ ने दी प्रशांत कोन्हेर को श्रद्धांजलि



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रशांत कोन्हेर के आकस्मिक निधन पर संघ ने कर्मचारी भवन में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य संरक्षक पीआर यादव, जीआर चंद्रा, पवन शर्मा, किशोर शर्मा ने उनके संघ के प्रति दिए गए योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में पीआर यादव, पवन शर्मा, जीआर चंद्रा, किशोर शर्मा, प्रशांत मुकासे, जेपी उपाध्याय, राजेश्वर वस्त्रकार, रामजी ध्रुव, राजकुमार तिवारी, मनीष तिवारी, त्रिलोकी साहू, श्याम उरांव आदि उपस्थित थे।

### गर्मी में छुट्टी मनाने जाने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत

# ट्रेनों में भीड़ : रेलवे चलाएगी 88 ट्रिप के लिए 18 समर स्पेशल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी की छुट्टी शुरु होने के साथ ही ट्रेनों में भीड़ के कारण यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रेल प्रशासन ने 88 ट्रिप के लिए 18 समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरु किया है, जिसमें यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा मिल सकेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। क्षेत्र के प्रमुख एवं व्यस्त स्टेशनों जैसे बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, इतवारी, रायगढ़ एवं शहडोल सहित अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। इनमें प्लेटफॉर्म प्रबंधन, अतिरिक्त टिकट काउंटर, पेयजल व्यवस्था, प्रतीक्षालयों में सुधार, स्वच्छता व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह व्यवस्था विशेष रूप से उन लाखों यात्रियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, जो गर्मी के मौसम में अपने गंतव्य तक यात्रा करते हैं।

#### चल रही है स्पेशल ट्रेनें

- गाड़ी संख्या 08743 दुर्ग-हरिद्वार साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से प्रत्येक रविवार को 26 अप्रैल से 28 जून तक।
- गाड़ी संख्या 08744 हरिद्वार-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन हरिद्वार से प्रत्येक सोमवार को 27 अप्रैल से 29 जून तक।
- गाड़ी संख्या 08865 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-शालीमार साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रत्येक गुरुवार को 23 अप्रैल से 25 जून तक।
- गाड़ी संख्या 08866 शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रत्येक शुक्रवार को 24 अप्रैल से 26 जून तक।
- गाड़ी संख्या 08867 गोंदिया-रक्सौल साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन गोंदिया से प्रत्येक शनिवार को 25 अप्रैल से 27 जून तक।
- गाड़ी संख्या 08868 रक्सौल-गोंदिया साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन गोंदिया से प्रत्येक रविवार को 26 अप्रैल से 28 जून तक।
- गाड़ी संख्या 08871 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-मालदा समर स्पेशल ट्रेन नेताजी सुभाष चंद्र बोस से 26 अप्रैल को।
- गाड़ी संख्या 08872 मालदा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी समर स्पेशल ट्रेन मालदा से 27 अप्रैल को।
- गाड़ी संख्या 08745 दुर्ग-शालीमार समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 29 अप्रैल को।
- गाड़ी संख्या 08746 शालीमार-दुर्ग समर स्पेशल ट्रेन शालीमार से 23 एवं 30 अप्रैल को।
- गाड़ी संख्या 08261 कोरबा-यलहंका समर स्पेशल ट्रेन कोरबा से 2 मई को।
- गाड़ी संख्या 08262 यलहंका-कोरबा समर स्पेशल ट्रेन यलहंका से 3 मई को।
- गाड़ी संख्या 08861 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-शालीमार समर स्पेशल ट्रेन नेताजी सुभाष चंद्र बोस से 27 अप्रैल को।
- गाड़ी संख्या 08862 शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी समर स्पेशल ट्रेन शालीमार से 28 अप्रैल को।
- गाड़ी संख्या 08749 रायपुर-खड़गपुर समर स्पेशल ट्रेन रायपुर से 23 अप्रैल को।
- गाड़ी संख्या 08750 खड़गपुर-रायपुर समर स्पेशल ट्रेन खड़गपुर से 24 अप्रैल को।
- गाड़ी संख्या 08257 बिलासपुर-शालीमार समर स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 25 एवं 26 अप्रैल को।
- गाड़ी संख्या 08258 शालीमार-बिलासपुर समर स्पेशल ट्रेन शालीमार से 25 एवं 26 अप्रैल को।

### वृद्धाश्रम में स्नेहभोज का आयोजन



बिलासपुर। परशुराम जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा सार्थक एवं सेवा भाव से परिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से समाज के सदस्यों द्वारा वृद्धाश्रम में स्नेहपूर्वक दिन के भोजन की व्यवस्था की गई। यह समस्त भोजन भगवान परशुराम के पावन भोग के रूप में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से तैयार करवाया गया। इस दौरान विशेष रूप से छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश महासचिव स्वप्निल शुक्ला,चंद्रचूड़ त्रिपाठी, सिद्धांशु मिश्रा , रोशन अवस्थी, अखिलेश पांडेय , राजू तिवारी , बीरें दुबे , अनुराग पांडेय , प्रशांत तिवारी,अर्पित तिवारी,मनोभव शुक्ला ,सुमित शुक्ला , देवांश अवस्थी ,स्नेहिल शुक्ला ,शिवांश शुक्ला,वंश दुबे,राघव मिश्रा विशेष रूप से सम्मलित हुए ।

### शोभायात्रा का सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज ने किया स्वागत



बिलासपुर। परशुराम जयंती के अवसर पर समग्र ब्राह्मण समाज के द्वारा शाम को शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का देवकीनंदन चौक में सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज ने स्वागत किया। सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज के द्वारा ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों का फूलमाला से स्वागत कर कुल्फी व पेयजल पिलाया गया।





### सीवी रमन विश्वविद्यालय के ओपन कैंपस प्लेसमेंट में 55 विद्यार्थी चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय में ओपन कैंपस प्लेसमेंट में इंजीनियरिंग, फार्मेसी, साइंस, मैनेजमेंट एवं आट्र्स सहित विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों ने कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन किया, जिसमें कुल 55 विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में अवसर प्राप्त हुआ।

तीन चरण की कठिन चयन प्रक्रिया के बाद विद्यार्थियों का चयन मल्टीनेशनल और नेशनल कंपनियों में किया गया है। चयनित विद्यार्थी देश और विदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करते हुए विश्वविद्यालय और राज्य का नाम रोशन करेंगे। चयनित विद्यार्थी मिलिट्री एयरक्राफ्ट, सोलर सॉल्यूशन, फाइनेंस, स्टील, प्रोडक्ट्स, ऑटोमोबाइल, टेलीकॉम एवं टेक्सटाइल सेक्टर में अपनी सेवाएं देंगे, जो विश्वविद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में जीई एयरोस्पेस पुणे, जेनस ग्रुप उत्तराखंड, एसआरएफ लिमिटेड श्रीराम फाइबर्स गुजरात, चैंपियन सेरेमिक प्राइवेट लिमिटेड चांपा, एस्कॉर्ट्स लिमिटेड, स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस, हाईटेक नेक्स्ट इंजीनियरिंग टेलीकॉम सहित अनेक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ.राजीव पीटर्स के साथ सौरभ पीटर्स, अमित रुद्राकर, अनिता विश्वास एवं जय त्रिवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ.अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत है और इस प्रकार के ओपन कैंपस उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं व्यक्तित्व संवर्धन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थी प्रतिस्पर्धी परिवेश में सफल हो सकें। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराए जाते रहेंगे। इसके साथ ही नवीन तकनीकों, शोध एवं नवाचार आधारित शिक्षा को बढ़ावा देकर विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर सक्षम बनाने के निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## सरकार ने वापस लिया बिना अपग्रेडेशन सर्टिफिकेट अप्रैल का वेतन नहीं देने का आदेश

**कई कर्मचारियों के ईमेल आईडी एक्टिव नहीं होने से ओटीपी आने में परेशानी**

बिलासपुर। केंद्र सरकार द्वारा तैयार कर्मयोगी नामक पोर्टल में शासन के सभी विभागों को अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित विषयों का ऑनलाइन प्रशिक्षण लेने व इसी एप में ही परीक्षा देकर अपना अपग्रेडेशन सर्टिफिकेट प्राप्त करने की स्थिति में ही अप्रैल का वेतन भुगतान किए जाने संबंधी आदेश को शासन ने वापस ले लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार कई कर्मचारियों के ईमेल आईडी एक्टिव नहीं होने के कारण उन्हें ओटीपी नहीं मिलने से कर्मयोगी एप में उनका पंजीयन नहीं हो पा रहा है।

सरकार ने कर्मचारियों के हित में एक राहत भरा आदेश जारी किया है। दरअसल हर विभाग के कार्यक्षेत्र के अनुसार कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें अपग्रेड करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा कर्मयोगी नामक पोर्टल तैयार किया गया था। प्रशिक्षण लेकर कर्मचारियों को परीक्षा भी देनी थी व सर्टिफिकेट भी प्राप्त करना था। शासन ने प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी के माह अप्रैल के वेतन आहरण के लिये 3 कोर्स का होना अनिवार्य किया था।

वेतन भुगतान पर लगाई गई रोक हटाने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि कर्मयोगी प्लेटफार्म पर प्रशिक्षण लेने के पूर्व कर्मयोगी प्लेटफार्म के पोर्टल पर अधिकारी व कर्मचारियों को पंजीयन किया जाना है, लेकिन वर्तमान में कई विभाग तथा उसके अधीनस्थ कार्यालय, निगम, मंडल व आयोग में पदस्थ कई अधिकारी कर्मचारियों का शासकीय मेल आई डी सक्रिय नहीं होने से उन्हें ओटीपी ईमेल में प्राप्त ही नहीं हो पा रहा है। ऐसे में कर्मयोगी प्लेटफार्म पर पंजीयन ही नहीं हो पा रहे हैं। अधिकारी व कर्मचारियों के मेल आई डी को सक्रिय करने की प्रक्रिया में समय लगने की भी संभावना है, जिसके कारण अधिकारी कर्मचारियों का निर्धारित समय-सीमा में प्रशिक्षण लेना संभव नहीं होगा। इस स्थिति में प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारियों के कर्मयोगी प्लेटफार्म में तीन कोर्स करने पर ही माह अप्रैल का वेतन आहरण के संबंध में जारी निर्देश को आगामी आदेश तक शिथिल किया गया है। शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि वेतन रोकने संबंधी निर्देश के शिथिलिकरण के बाद भी प्रत्येक विभाग का यह दायित्व होगा कि कर्मयोगी प्लेटफार्म पर अधिकारी व कर्मचारियों को उनकी क्षमता निर्माण, कौशल विकास एवं दक्षता को विकसित करने के लिये प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जाता रहे।

## जेईई-2 एवं 10वीं सीबीएसई बोर्ड में वाइब्रेंट एकेडमी का वर्चस्व



बिलासपुर। जेईई-2 में फिर वाइब्रेंट का दबदबा कायम रहा। सचमीत सिंह खालसा ने 99.99 फीसदी अंक के साथ एआईआर-65 प्राप्त कर अपने अभिभावक, शिक्षक और वाइब्रेंट का नाम रोशन किया। छात्र रेल्वे क्षेत्र के दिविज दुम्पाला पिता डी मुरलीधर ने 98.99 अंक, सय्यम घोष मोपका ने 98.2 फीसदी अंक, सत्यम शर्मा पिता मनीष शर्मा परसदा 96 फीसदी अंक, गोपाल यादव माता शारदा यादव ने 97 फीसदी अंक, श्रेयस तिवारी पिता सुब्रत तिवारी 97 फीसदी अंक, हिर्षिल साहू पिता देवसिंह साहू ने 95 फीसदी अंक, भूषण साहू पिता वायके साहू 95 फीसदी अंक प्राप्त किया।

वाइब्रेंट एकेडेमी ने गत 5 वर्षों का अपना ऐतेहासिक परिणाम कायम रखा। लगातार 4 वर्षो से वाइब्रेंट एकेडेमी ने ही जेईई एडवांस में राज्य की सर्वश्रेष्ठ रैंक 1 दिया है। इस बार भी उपरोक्त छात्रों ने एडवांस में परिणाम फिर दोहराने का वादा किया है। सीबीएसई के 10वीं के परिणाम घोषित हुए, जिसमें वाइब्रेंट अकादमी के छात्र छात्राओं ने लगातार पंचम वर्ष ऐतिहासिक परिणाम प्रस्तुत किया। वाइब्रेंट अकादमी के आराध्या दुबे 98 फीसदी, अभिषेक सिंह 98 फीसदी, श्लोक मिश्रा 98 फीसदी, अर्पिता चौधरी 98 फीसदी, आस्था 97 फीसदी, अद्विता शर्मा 97 फीसदी, अंशिका यादव 97 फीसदी, अनंदिता साव 97 फीसदी, आरुष सोनी 97 फीसदी, धर्मेश देवांगन 97 फीसदी, वेद पंड्या 96 फीसदी, ऋषभ दत्ता 95 फीसदी, सौम्या सिंह 95 फीसदी, वंशिका 95 फीसदी, डी जयंत साई 94 फीसदी, पीवीसी अश्विन 94 फीसदी, ब्रजेश पाटले 92 फीसदी, गुंजन बंजारे 92 फीसदी, राजीव रंजन प्रसाद 92 फीसदी, संचारी सिंह 92 फीसदी, अर्पित कुमार 91 फीसदी, रुद्र पटेल 91 फीसदी, नूपुर बाघे 91 फीसदी, सौवीक बिस्वास 90 फीसदी प्राप्त कर अपने माता पिता,अपने शहर एवं संस्था का नाम उज्ज्वल किया। संस्था के ब्रांच हेड ने बताया निरंतर प्रत्येक वर्ष संस्था छत्तीसगढ़ के अनेक क्षेत्रों से आये छात्रों के उज्ज्वल भविष्य बनाने हेतु कार्य करते आ रही है, जिसका प्रतिबिम्ब छात्रों के परिणाम स्वरूप नजर आ रहा है। शिक्षकों को विशेषतः उनके बच्चों के प्रति उनके लगाओ, बच्चों को सही अथवा ऐसे परिणाम हेतु प्रयास और मेहनत के लिए संस्था ने प्रत्येक शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए विशेष प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। संस्था के हेड आफिस कार्डिनेटर रत्नेश केसरी, ब्रांच मैनेजर रोशन पांडे, एकेडमिक हेड अरविंद द्विवेदी एचओडी बायलॉजी, गणित के शिक्षक गुलशन चंद्रा, महावीर राठौर, केमिस्ट्री एचओडी आईआईटीईएन जितेंद्र शर्मा, प्रख्यात ईन-आर्गनिक के शिक्षक नरेश कुमार आईआईटी बीएचयू, फिजिक्स एचओडी पिंकेश बड़ोदिया, श्रीमती सोनिया छाबड़ा, एसएसटी शिक्षक आशीष रंजन एवं लता महतो इंग्लिश ने छात्रों को बधाई देते हुए एडवांस में परंपरा दोहराने की मांग की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

एजुकेशन प्लस

### एलसीआईटी पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह

बिलासपुर। एलसीआईटी पब्लिक स्कूल में 10वीं के मेधावी विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की उत्कृष्ट शैक्षणि उपलब्धियों को सराहना व



उनके उज्जवल भविष्ठ के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन प्रमोद जैन ने की। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन अंकित जैन, सचिव उपकार राय, प्राचार्य सेबेस्टियन जोसेफ, हेड मिस्टेस शालिनी देवड़ा एवं प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती शिवानी जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। कक्षा 10वीं के टापर्स एवं अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन प्रमोद जैन ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्राचार्य सेबेस्टियन जोसेफ ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम एवं शिक्षको के मार्गदर्शन का परिणाम है। कार्यक्रम के अंत में प्रशासनिक अधिकारी ने धन्यवाद प्रस्तुत कर सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### जेईई में संकल्प लर्निंग क्लासेस के छात्रों ने लहराया परचम



बिलासपुर। संकल्प लर्निंग क्लासेस के छात्रों ने जेईई में परचम लहराया है। विद्यार्थियों ने जेईई के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया है। संस्थान के टॉपर छात्रों ने शानदार रैंक हासिल कर अपनी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को साबित किया। संस्थान के निदेशक ने बताया कि यहां व्यक्तिगत काउंसलिंग, रेगुलर टेस्ट सीरीज और डाउट क्लासेज के जरिए छात्रों को जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयार किया जाता है। इस वर्ष भी कई छात्रों ने 90 प्लस परसेंटाइल हासिल कर एनआईटी व आईआईआईटी के लिए क्वालिफाई किया है।


शोक संदेश



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्म पत्नी

श्रीमती सरस्वती बाई कौशिक

का आकस्मिक निधन दिनांक 14 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार को हो गया है जिनका दशगात्र एवं पगड़ी रस्म दिनांक 23 अप्रैल 2026, दिन गुरुवार को होगा एवं तेरहवीं दिनांक 26 अप्रैल 2026 दिन रविवार को सम्पन्न होगा

अतः उक्त कार्यक्रम में सपरिवार सम्मिलित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

कार्यक्रम स्थल
राजीव सेवा केन्द्र, अटल बाजार
चिचिरदा, बिलासपुर (छ.ग.)

शोकाकुल परिवार
रामफल, महावीर, रामस्वरूप, बलदाऊ, संजय, विनोद,लक्ष्मण, सोनू, मोंचू एवं समस्त कौशिक परिवार
मो.: 9131429911

विनीत :
रामेश्वर प्रसाद कौशिक (पति)
(पूर्व सरपंच)ग्रा.पं.चिचिरदा
श्रीमती सुमन रवि कौशिक
(पूर्व उपसरपंच ग्रा.प.चिचिरदा] उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी सकरी ) पुत्र वधु- पुत्र
श्रीमती अंजनी चंद्र (लालू) कौशिक
आरक्षक छ.ग.पुलिस पुत्र वधु- पुत्र

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




विश्व पृथ्वी दिवस

**वेकैंसी**

## रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में जूनियर इंजीनियर के पदों पर रजिस्ट्रेशन शुरू

**बिलासपुर।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में जूनियर इंजीनियर के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया गया है। आरबीआई में जूनियर इंजीनियर के पदों पर आवेदन 16 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जो उम्मीदवार जूनियर इंजीनियर के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा मौका है। इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 मई निर्धारित की गई है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों की आयु की गणना 01 अप्रैल, 2026 के आधार पर की जाएगी। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु 20 से 30 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। ओबीसी उम्मीदवारों को 3 वर्ष की छूट, एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को 5 वर्ष की छूट और दिव्यांग उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी। जूनियर इंजीनियर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास सिविल इंजीनियरिंग या इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्ष का डिप्लोमा होना चाहिए।




### 300 अंकों के 180 सवाल पूछे जाएंगे

परीक्षा का आयोजन 06 जून को किया जाएगा। परीक्षा में उम्मीदवारों से अंग्रेजी भाषा, इंजीनियरिंग विषय और रीजनिंग विषय से 300 अंकों के 180 सवाल पूछे जाएंगे। यह परीक्षा 150 मिनट के लिए आयोजित कराई जाएगी। उम्मीदवार यहां बताए गए निम्नलिखित स्टेप्स की मदद से अपना फॉर्म भर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर विजिट करें। अब वेबसाइट के होमपेज पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें।

**चयन**

## मिष्ठी कथक की उच्च शिक्षा के लिए चयनित

**बिलासपुर।** श्री वैष्णव संगीत महाविद्यालय में तृतीय वर्ष की छात्रा बाल नृत्यांगना कु. मिष्ठी वैष्णव का चयन रायगढ़ घराने की उच्च एवं पारंपरिक कथक शिक्षा के लिए हुआ है। यह चयन सांस्कृतिक स्रोत



एवं प्रशिक्षण केंद्र सीसीआरटी संस्कृति मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 की परीक्षा को पार कर हुआ है। उक्त परीक्षा में 10 से 14 वर्ष के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चुनाव कर भारत सरकार उन्हें 20 वर्ष की उम्र तक उत्कृष्ट तालीम दिलाने का कार्य करती है। वर्तमान में मिष्ठी 11 वर्ष की है। ऐसे में उनकी शिक्षा अगले 9 वर्षों तक भारत सरकार के देखरेख में होगी। मिष्ठी ने उक्त परीक्षा के लक्ष्य को इस वर्ष अपने प्रथम प्रयास में ही भेदते हुए सफलता प्राप्त की है। मिष्ठी के माता-पिता सनत, ललिता वैष्णव ने इस सफलता का श्रेय गुरु के आशीर्वाद एवं मिष्ठी के कथक के लिए अपार समर्पण को दिया है। इनके बड़े पिता गुरु शरद वैष्णव के सानिध्य में यह उपलब्धि उन्हें प्राप्त हुई है।

**धर्म-क्षेत्र**

## रामानुज भगवान का महाअभिषेक कर की गई महाआरती

**बिलासपुर।** श्रीयतिराज दिनेश, शेषावतार भगवान श्री रामानुज आचार्य के 1007 वें प्रकट महा महोत्सव के अवसर पर जबड़ापारा स्थित 150 वर्ष पुराना राधा-कृष्ण मंदिर में श्री रामानुज भगवान का महाअभिषेक



कर महाआरती की गई। पं. अभिनव शरण गोपाल ने बताया कि श्री रामानुज आचार्य की जयंती पर श्री राधा-कृष्ण मंदिर जबड़ापारा में सुबह रामानुज भगवान का महाभिषेक कर तिरूमंजन, 12 कलशों, फलों, दूध, दही, धृत, पंचामृत से स्नान कर श्रृंगार किया गया। महाआरती के बाद भक्तों ने संकीर्तन किया। पं. गोपाल शरण मिश्र ने बताया कि भगवान रामजी के अनुज लक्ष्मण इस कलयुग में रामानुज के रूप में आकर सभी जीवों को भागवत शरणागति देकर परमात्मा की सेवा में लगाए। श्री रामानुज स्वामी ने जीवों के उत्थान के लिए भागवत शरण का उपदेश दिया करते थे। इस मौके पर मंदिर के महंत श्री प्रपन्न मिश्रा, शिवा, सुहाषिनी मिश्रा सहित अन्य भक्तों की भारी उपस्थिति रही।

# पृथ्वी हमारी जीवनदाता माता, विचारों को बनाएं शुद्ध

**पृथ्वी दिवस पर शहर में अनेक आयोजन किए गए। संस्कार भारती के सौजन्य से कला साधकों ने दिवस पर आधारित रंगोली सजा कर सकारात्मक संदेश दिए। राजयोग भवन सहित अन्य संगठनों ने कार्यक्रम रख पृथ्वी को जीवनदाता माता बताते हुए विचारों को शुद्ध बनाने पर जोर दिया।**

### दिवस पर शहर में हुए विविध आयोजन, धरती को बचाने गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सेवा केंद्र की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बताया कि पृथ्वी केवल एक भौतिक ग्रह नहीं, बल्कि हमारी जीवनदाता माता है। आज मानव के असंतुलित जीवन शैली और नकारात्मक सोच के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। बाहरी प्रदूषण के साथ ही मन का प्रदूषण भी पृथ्वी के संकट का मुख्य कारण है। जब तक हम अपने विचारों को शुद्ध और सकारात्मक नहीं बनाएंगे, तब तक वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से हम अपने भीतर की शांति और शक्ति को जागृत कर सकते हैं और वही ऊर्जा हम प्रकृति को भी दे सकते हैं। इसके लिए हम केवल पर्यावरण संरक्षण के भौतिक उपायों तक सीमित न रहें, बल्कि आध्यात्मिक जागरूकता के माध्यम से भी पृथ्वी के कल्याण में योगदान दें। हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में कुछ समय निकालकर पृथ्वी के लिए शुभ संकल्प अवश्य करना चाहिए। पृथ्वी को स्वर्ग बनाने की शुरुआत हमारे शुभ संकल्पों से होती है। साथ ही अपने व्यवहार में सादगी, संयम और संतुलन लाकर प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना चाहिए।



### आज आवश्यकता है सकारात्मक सोच की

वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके संतोषी दीदी ने कहा कि आज पृथ्वी को सबसे अधिक आवश्यकता सकारात्मक सोच और पवित्र भावनाओं की है। जब हम सभी एकजुट होकर शांति, प्रेम और शक्ति का संकल्प करते हैं, तो वह ऊर्जा वातावरण को शुद्ध करता है और प्रकृति में संतुलन स्थापित करने में सहायक बनती है।

### पृथ्वी माता के प्रति व्यक्त की गई शुभ भावनाएं

अंत में उपस्थित सभी भाई-बहनों ने एक गोल घेरा बनाकर पृथ्वी माता के प्रति अपनी शुभ भावनाएं व्यक्त की। सामूहिक रूप से राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया।

## पृथ्वी के लिए वृक्ष आवश्यक



विश्व पृथ्वी दिवस पर एनएसएस डीपी विप्र महाविद्यालय द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं व्यापक जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल एक प्रतियोगिता तक सीमित न होकर युवाओं एवं समाज के भीतर पर्यावरण संरक्षण के प्रति गहरी संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम में छात्रों, स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने इसे एक सशक्त जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। चित्रों में जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, जल संकट, प्लास्टिक प्रदूषण, वनों की कटाई और जैव विविधता के क्षरण जैसे गंभीर मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ उकेरा गया। कई चित्रों में पृथ्वी को एक जीवित इकाई के रूप में दर्शाते हुए यह संदेश दिया गया कि यदि हम आज इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाएंगे, तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संकट में पड़ सकता है। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला, उप प्राचार्य डॉ एम एस तंबोली, अविनाश सेठी, डॉ मनीष तिवारी, डॉ आभा तिवारी, डॉ किरण दुबे, प्रो यूपेश कुमार, डॉ आशीष शर्मा, डॉ निधिश चौबे , प्रो ए श्री राम एनएसएस कार्यक्रम सहायक अधिकारी प्रो. आकांक्षा गौतम, प्रो. हेल्सियन कांत के मार्गदर्शन में किया गया।

## फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति द्वारा 'विश्व पृथ्वी दिवस' के अवसर पर स्थानीय विवेकानंद उद्यान, सिम्स चौक में आयोजित भव्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता 2026 हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए, वहीं सामाजिक सरोकार निभाने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान भी किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूजा विधानी महापौर, अध्यक्षता डॉ विनय कुमार पाठक अतिथि के रूप में डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे, डॉ रमेश चन्द्र श्रीवास्तव तथा डॉ विष्णु कुमार तिवारी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। समिति के अध्यक्ष डॉ. विवेक तिवारी ने भी सफल आयोजन के लिए सभी का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का यह संदेश पूरे शहर में नई चेतना जागृत करेगा। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## शास्त्र में पृथ्वी को माता का दर्जा



विकास संस्कृति साहित्य अकादमी के द्वारा उसके केनद्रिय कार्यालय में पर्यावरण पर केनद्रित संगोष्ठी पर्यावरण संरक्षण श्रेष्ठ मानवीय धर्म का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पर्यावरणविद डॉ बृजेश सिंह रहे। अध्यक्षता साहित्यकार एम के जैन ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एम पी साहा, ए के सोनी व बी एन ओझा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि की आसंदी से पर्यावरणविद डॉ बृजेश सिंह ने कहा कि शास्त्रों ने पृथ्वी को माता का दर्जा दिया है, क्योंकि वह माता के रूप में समस्त जीवों की पालनहार है। डॉ बृजेश सिंह ने कहा कि धरती माता का जो हम पर उपकार है इस ऋण से उऋण होने पर्यावरण संरक्षण पर मनोयोग से जुटना होगा। डॉ बृजेश सिंह ने पर्यावरण पर केनद्रित अपनी कविताओं की प्रस्तुति दी। विशिष्ट अतिथि एम पी साहा, ए के सोनी व बी एन ओझा ने विश्व पृथ्वी दिवस पर धरती से प्रदूषण कम करने आह्वान किया। एस पी मिश्रा तथा के के सिंह ने भी पर्यावरण संरक्षण पर सक्रिय भागीदारी के सम्बन्ध में अपना मत व्यक्त किया। इस अवसर पर स्नेहलता साहा, कमलेश जैन,विभा सिंह, सुभ्रदा सोनी, रेणु ओझा,डॉ विनोद सिंह,रामकुमार सिंह, प्रदीप कुमार, संदीप सिंह, डॉ प्रियंका, प्रतिष्ठा, श्रीनिका,प्रनिका सहित पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

## रंगोली से वसुंधरा का श्रृंगार



विश्व पृथ्वी दिवस पर धरती माता का श्रृंगार रंगोली बनाकर किया गया। गौरतलब है कि कला एवं साहित्य को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती विश्व पृथ्वी दिवस को भू-अलंकरण दिवस के रूप में मनाती है और प्रति वर्ष अखिल भारतीय स्तर पर रंगोली के माध्यम से धरती माता का श्रृंगार करने हेतु एक प्रारूप भेजा जाता है। कला साधकों ने विभिन्न स्थानों में रंगोली सजाकर धरती एवं पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया है। सुश्री मोना केंवट, रूपाली काले एवं चंद्रशेखर देवांगन के संयोजन में आयोजित इस वृहद भू-अलंकरण कार्यक्रम में नगर के कला साधकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं रंगोली सजाकर उसकी छायाचित्र प्रेषित किया। इस आयोजन में शामिल होने वाले सभी कला साधकों को संस्कार भारती कि ओर से डिजिटल प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने गजानन वासुदेव फड़के, सुकदेव कश्यप, विश्वनाथ कश्यप, शिरीष पागे, बालमुकुंद श्रीवास, मुकेश श्रीवास्तव, दिनेश पांडेय, भुवनेश्वर चंद्राकर, विजया राजपूत, अंकिता साहू, सुमन साहू, शकुंतला केंवट, ईशा पटेल, आशमीन बंजारे, दामिनी श्रीवास, चित्रा पटेल, माया कश्यप, संध्या शुक्ला, वर्षा श्रीवास्तव, दिनेश तिवारी, अनिल गढ़ेवाल का सहयोग रहा।

## रिटायर्ड इंजीनियर फोरम ने शव वाहन व डीप फ्रीजर समाज को सौंपा



**बिलासपुर।** रिटायर्ड डिप्लोमा फोरम द्वारा इंजीनियर सुरेन्द्र सिंह टुटेजा की स्मृति में गुरूसिंह सभा सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी गोंड़पारा को कमिश्नर सुनील जैन एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा शव वाहन एवं डीप फ्रीजर सौंपा गया।

इस अवसर पर जिला समिति के अध्यक्ष इंजीनियर बी एन ओझा द्वारा बताया गया कि समिति के गठन पश्चात एलाइड हॉस्पिटल के सौजन्य से मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं आयुर्वेद चिकित्सालय के डॉक्टर्स द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, एवं जिला पुलिस प्रशासन के सहयोग से साईबर अवेयरनेस कार्यक्रम सदस्यों के सहयोग से संपन्न किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि मैं एक वर्ष से इस संगठन के कार्यों को देख रहा हूं एवं इनके कार्यक्रमों में शामिल होने का प्रयास भी करता हूं। मुझे डिप्लोमा अभियंता होने के नाते ऐसा महसूस होता है कि मैं अपने घर आया हूं। गुरूसिंह सभा सेंट्रल गुरूद्वारा कमेटी गोंड़पारा की ओर से डॉ नवनीत सिंह ने शव वाहन एवं डीप फ्रीजर की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी लेते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में कमिश्नर एवं कलेक्टर द्वारा संघरत्न इंजीनियर सुरेन्द्र सिंह टुटेजा के परिवार को सम्मानित किया, साथ ही इस सेवा कार्य में उल्लेखनीय सहयोग करने वाले इंजीनियर वरूण राजपूत, इंजीनियर विनोद कुमार मिंज, इंजीनियर डी जायसवाल को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर वरूण राजपूत एवं विशिष्ट अतिथि इंजीनियर शंकर राव सोनाने, इंजीनियर जितेन्द्र कुमार नेताम रहे।

**स्पोर्टर्स न्यूज**

## छत्तीसगढ़ बेसबॉल टीम का रजत पदक पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

69वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता जो कि दिल्ली में 16 से 22 अप्रैल तक आयोजित है, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के बेसबॉल 14 एवं 17 वर्ष के बालक बालिका की टीम भाग ले रही है।

छत्तीसगढ़ दल के प्रमुख प्रबंधक अख्तर खान ने बताया कि छत्तीसगढ़ अंडर 14,17 बेसबॉल बालक बालिका चारों टीम ने अपने-अपने पुल में बिना मैच हारे पूल टॉप करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में भी एक तरफा मुकाबला करते हुए प्रदेश की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाया। जहां टीम का मुकाबला 14 वर्ष बालक का सेमीफाइनल मैच चंडीगढ़ से हुआ जिसमें 3-0 से जीता,14 वर्ष बालिका ने चंडीगढ़ को 8-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया तथा 17 वर्ष बालक ने महाराष्ट्र को 5-0 से हराया व बालिका 17 वर्ष ने महाराष्ट्र को 7-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाया । 14 वर्ष बालिका का फाइनल मुकाबला दिल्ली ने 2-1 से जीता वहीं बालक 14 वर्ष को 5-2 से दिल्ली की टीम ने हराया। वही 17 वर्ष बालक को 1-0 से दिल्ली से हार का सामना करना पड़ा। वहीं बालिका टीम ने कड़े मुकाबले में है हार का सामना करना पड़ा जिसमें स्कोर 6-5 रहा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले प्रदेश की बेसबॉल दल का तीन दिवसीय कोचिंग कैंप बिलासपुर में छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में 11 से 13 अप्रैल तक लगाया गया था। खिलाड़ियों को फिजिकल फिटनेस मानसिक तौर से मैच खेलने के लिए तैयार किया गया था,जिसके परिणाम स्वरूप खिलाड़ियों से यह आशा है कि वे छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक लाएंगे। टीम के कोच मैनेजर अख्तर खान,दिनेश वर्गीस, चेतना देवलिया, संदीप गाहिरे नेहा यादव,अंजलि खलको,आकृति श्रीवास्तव,ऋतु पटेल है खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए प्रदेश बेसबॉल संघ की अध्यक्ष डॉ पलक जायसवाल सभी व्यायाम शिक्षक ने बधाई दी।




## पावरलिफ्टिंग में लिएंडर सिम्स ने जीता स्वर्ण पदक

पावर जिम एवं छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य महिला एवं पुरुष पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन पावर जिम सेक्टर तक किया गया।जिसमें सब जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं



मास्टर वर्ग के छत्तीसगढ़ के लगभग 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें लिएंडर सिम्स 53 किलोग्राम वजन समूह सब जूनियर वर्ग में बिलासपुर का प्रतिनिधित्व किया एवं इसके साथ ही 120 किलोग्राम स्क्वाट, 80 किलोग्राम बेंच प्रेस एवं 182.5किलोग्राम डेडलिफ्ट किया। कुल 382.5 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक बिलासपुर के नाम किया। साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में 53 किलोग्राम सब जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से पूरे बिलासपुर का नाम गौरवान्वित किया। लिएंडर सिम्स ने इसका श्रेय अपने कोच श्री शैलेश थवायत, जनरल सेक्रेटरी श्री कृष्णा साहू, तथा माता-पिता को दिया। छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग के जनरल सेक्रेटरी श्री कृष्णा साहू एवं सदस्यों ने हार्दिक बधाई दी।

## कराते में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने लहराया परचम



दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में भारतीय कराते महासंघ कियो के अध्यक्ष शिहान भारत शर्मा के नेतृत्व में आयोजित सिको काई कप राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के जांबाज खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राज्य का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों पर कब्जा जमाया है।

प्रतियोगिता के विभिन्न भार वर्गों और आयु वर्गों में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक और चपलता का प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक श्रेया राठौर, गौरांश वीरानी, ने अपनी श्रेणी में प्रतिद्वंद्वी को मात देकर सोने पर कब्जा किया। रजत पदक एशल सानी ,कृषा ठक्कर,जिनय साय,अनुषा तिग्गा, ध्वज देवांगन, प्रांजल केंवट, जिग्यांश राठौर ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए सिल्वर मेडल जीता। प्रदेश अध्यक्ष भारत कराते अकादमी खेत्रो महानंद ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा हमारे खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय मंच पर जो अनुशासन और कौशल दिखाया है, वह काबिले तारीफ है। यह जीत न केवल खिलाड़ियों की मेहनत का फल है, बल्कि आने वाले समय में मार्शल आर्ट्स में छत्तीसगढ़ के स्वर्णिम भविष्य का संकेत है।



# हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में राणा के साथ नजर आएंगे अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड के एक्टर अक्षय कुमार 'भूत बंगला' की कामयाबी से खुश हैं। खबरें हैं कि वह जल्द ही एक बड़े बजट की हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में काम करने वाले हैं। उनके साथ साउथ के कलाकार राणा दग्गुबाती होंगे। इस प्रोजेक्ट को लेकर अभी से काफी चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के निर्देशक चंदू मोंडेती होंगे। राणा दग्गुबाती एक महत्वाकांक्षी हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में लीड रोल निभाएंगे। इसकी कहानी उज्जैन के रहस्यमयी बैकग्राउंड पर आधारित होगी। इस फिल्म की कास्ट में अक्षय कुमार भी शामिल हो गए हैं। मेकर्स ने एक बड़ा सरप्राइज भी छिपाकर रखा है। इस बड़े प्रोजेक्ट को करण जौहर का धर्मा प्रोडक्शंस सपोर्ट कर रहा है।



लाइफ Style

# कृतिका

## मुझे किसी पर डिपेंड होने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कृतिका कामरा ने कॅरियर की शुरुआत टीवी सीरियल से की थी, वह टीवी की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक थीं, लेकिन अचानक ही सब कुछ छोड़ दिया। टीवी से फिल्मों और वेब सीरीज की तरफ रुख किया। धीरे-धीरे वह यहां भी अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।

हालिया रिलीज सीरीज मटका किंग में वह विजय वर्मा के अपोजिट नजर आईं। साथ ही टीवी प्रेजेंटर गौरव कपूर से की गई उनकी सादगी भरी शादी भी खूब चर्चा में रही। अपने लाइफपार्टनर गौरव कपूर के बारे में कृतिका कहती हैं, 'अब मैं अपने आप को ज्यादा फ्री महसूस करती हूं। मैं लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरने के लिए फैसले नहीं लेती हूं। मैं अपनी कंपनी एंज्वॉय करती हूं। मैं इमोशनली और फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट हूं। मुझे किसी पर डिपेंड होने की जरूरत नहीं है। गौरव भी मेरी तरह के इंसान हैं, वो भी सेल्फ मेड हैं। उन्होंने बहुत कम उम्र में काम करना शुरू किया और अपनी लाइफ खुद बनाई। वो मेरी जर्नी को समझते हैं। हम दोनों अपने अपने तरीके से इंडिपेंडेंट लोग हैं और अब एक हो गए हैं। अभी शादी को एक महीना ही हुआ है, लेकिन ऐसा नहीं लगा कि बहुत कुछ बदल गया है। मैं जो जिम्मेदारियां पहले निभा रही थीं, वहीं हम दोनों मिलकर निभा रहे हैं।' अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कृतिका बताती हैं, 'मैं एक छोटे शहर से आती हूं, जहां दूर-दूर तक किसी का एक्टिंग या फिल्मी दुनिया से कोई लेना-देना नहीं था। मेरी मम्मी प्रिंसिपल हैं और पापा डॉक्टर हैं।

हॉलीवुड मसाला



# इंडिया में परफॉर्म करेंगे मशहूर रैपर

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक लवर्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। मशहूर रैपर कान्ये वेस्ट अब जल्द ही भारत में परफॉर्म करने वाले हैं। रैपर कान्ये वेस्ट कई देशों में अपने कॉन्सर्ट करते हैं और वहां परफॉर्म करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कान्ये वेस्ट का इंडिया डेब्यू कॉन्सर्ट कन्फर्म हो गया है। पहले यह कॉन्सर्ट मार्च में होने वाला था, लेकिन कुछ अंतरराष्ट्रीय हालातों के चलते इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। अब नई तारीख के साथ यह शो फिर से तय कर दिया गया है।




# डेविल वियर्स प्राडा 2 में हटाया सिडनी का कैमियो

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में हॉलीवुड एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी का एक कैमियो भी था, जिसे फाइनल कट में हटा दिया गया है। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के जरिए मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे 20 साल बाद बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगी। इस फिल्म में कई एक्टर्स, सिंगर ने छोटे-बड़े रोल किए हैं। एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी का भी फिल्म में कैमियो था, जिसे फाइनल एडिटिंग में हटा दिया गया है। सिडनी स्वीनी ने फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के लिए कुछ सीन्स शूट किए थे। इसमें वह अपना ही किरदार निभाने वाली थीं। इस सीन में एमिली ब्लंट का किरदार एमिली चार्लटन, सिडनी को स्टाइल करता हुआ दिखता है। लेकिन इस सीन को एडिटिंग के दौरान हटा दिया गया है। अब सिडनी फिल्म में कैमियो रोल में नजर नहीं आएंगी।



# शादी की 55वीं सालगिरह पत्नी पर लुटाया प्यार

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन ने बुधवार को अपनी पिंकी को शादी की सालगिरह पर शुभकामनाएं दी हैं। इस खास अवसर पर उन्होंने पत्नी पिंकी रोशन के लिए सोशल मीडिया पर एक खास नोट भी लिखा है। राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो खास तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में राकेश अपनी पत्नी पिंकी के साथ एफिल टावर को निहारते नजर आ रहे हैं। इस पहली तस्वीर में दोनों के चेहरे नजर नहीं आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में राकेश और पिंकी किसी खास जगह पर एक साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। फिल्म निर्माता राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर पत्नी पिंकी के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'हमने शादी के 55 साल साथ बिताए हैं। अब भी हम एफिल टावर से ज्यादा मजबूती से खड़े हैं।



# मिर्जापुर- दू मूवी में दमदार कहानी

**मुंबई।** मिर्जापुर वेब सीरीज को लोगों से खूब प्यार मिला है। वेब सीरीज के तीन सीजन आ चुके हैं, और अब चौथा बन रहा है। हालांकि, सीजन 4 की रिलीज डेट का फिलहाल खुलासा नहीं है। इससे पहले मिर्जापुर द मूवी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसे 4 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। मिर्जापुरः द मूवी में पुराने किरदारों के साथ नई कहानी, ज्यादा एक्शन और मजबूत महिला किरदार देखने को मिलेंगे, जो इस फिल्म को और खास बना सकते हैं। इस फिल्म में एक बार फिर पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया), अली फजल (गुड्डू पंडित) और दिव्येंदु शर्मा (मुन्ना भैया) जैसे फेमस किरदार नजर आएंगे। इस बार फिल्म में फीमेल किरदारों को भी काफी मजबूत तरीके से दिखाया जाएगा।

टीवी मसाला




# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लौटने वाला है खतरनाक विलेन

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री का आइकॉनिक शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' एक बार फिर चर्चा में हैं। इसका नया सीजन भी फैंस के बीच उतना ही पॉपुलर है, जितना पहला सीजन था. जैसे-जैसे शो आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे पुराने किरदारों और उनसे जुड़ी खबरें सामने आ रही हैं। खास तौर पर आकाशदीप सैगल का नाम फिर से सुर्खियों में आ गया है, जिन्होंने पहले सीजन में अपने अलग अंदाज से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी थी। आकाशदीप सैगल ने इसमें पहले अंश गुजराल का किरदार निभाया था, जिन्होंने एक खतरनाक और यादगार विलेन के रूप में पहचान बनाई। बाद में जब कहानी में उनके किरदार का अंत हो गया, तो उन्होंने उसी शो में एकलव्य गुजराल के रूप में वापसी की, जो अंश का बेटा था। एक ही शो में पिता और फिर बेटे का रोल निभाना टीवी की दुनिया में बहुत अनोखी बात मानी जाती हैं। अब जब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' भी दर्शकों के बीच बहुत पसंद किया जा रहा है, तो आकाशदीप ने भी इसके रिवाइवल को लेकर अपनी खुशी जाहिर की हैं। हालांकि, अभी तक ये साफ नहीं है कि वो नए सीजन में नजर आएंगे या नहीं। बता दें कि ये सीरियल एकता कपूर का सक्सेसफुल प्रोजेक्ट रहा है, जिसने एक दौर में टीवी की दुनिया पर राज किया था. इसने कई कलाकारों को पहचान दिलाई और घर-घर में अपनी खास जगह बनाई। अब इतने सालों बाद भी जब इसका नया सीजन रिलीज हुआ, तो ये दर्शकों की उम्मीदों पर खड़ी उतरी हैं।

## पार्थ ने सोशल मीडिया से लिया ब्रेक

**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी एक्टर पार्थ समथान इस वक्त गुस्से से आगबबूला हैं और उन्होंने सोशल मीडिया से ब्रेक ले लिया है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उनके साथ-साथ परिवार को भी टारगेट किया जा रहा है, काफी उल्टा-सीधा बोला जा रहा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें पता है कि इसके पीछे किसका हाथ है, पर वह नाम नहीं बताएंगे। पार्थ समथान का कहना है कि फर्जी और बोट अकाउंट्स के जरिए उन्हें ऑनलाइन हैरेसमेंट का शिकार बनाया गया। 35 वर्षीय पार्थ समथान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट लिखा, जिसमें उन्होंने गुस्सा निकालते हुए ऐलान किया कि वह कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक ले रहे हैं। पार्थ ने बताया कि मौजूदा सिचुएशन ने उन्हें बुरी तरह प्रभावित किया है, जबकि वह पॉजिटिव और शांत रहने की काफी कोशिश कर रहे हैं। पार्थ समथान ने बताया कि कुछ लोग फेक अकाउंट के जरिए सोशल मीडिया पर उनके परिवार को टारगेट कर रहा है, उन्हें उल्टा-सीधा बोल रहे हैं।



# लल्ला लल्ला लोरी ने बच्चों का बचपन बना दिया खास

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में बच्चों के लिए कई गाने बनाए गए। कई ऐसी लोरियां जिन्हें सुने बिना बच्चों को नींद नहीं आती है। फिल्मों में इन गीतों की अलग जगह है। वहीं, असल जिंदगी में ये गाने बेहद खास बने हुए हैं। एक ऐसा ही गाना है 'लल्ला लल्ला लोरी'। बचपन से लेकर अभी तक इस गाने के कई वर्जन आपने सुने होंगे। अब तो बच्चों को एंटरटेन करने के लिए इस गाने पर कई कार्टून वाले वीडियो मौजूद हैं।



लेकिन, क्या 'लल्ला लल्ला लोरी' लोरी लिखने वाले गीतकार के बारे में जानते हैं? फिल्म में इस गाने को दो अलग तरह से इस्तेमाल किया गया और दोनों ही वर्जन बेहद खास है।

## दूध में बताशा, जीवन खेल तमाशा

1977 में फिल्म आई थी मुक्ति। इस फिल्म में शशि कपूर, संजीव कुमार और विद्या सिन्हा जैसे एक्टर्स लीड रोल नजर आए थे। फिल्म के पहले भाग में एक पिता अपनी बेटी पिंकी के लिए गाना गाता है 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की कटोरी, दूध में बताशा मुन्नी करे तमाशा'। वहीं, फिल्म के दूसरे भाग में कहानी एक दुखी मोड़ दे गुजर रही होती है। इसलिए, इस गाने का दुखद वर्जन सुनाया जाता है जिसके लिरिक्स कुछ बदल जाते हैं। दूसरे भाग में सुनाया गया ये गाना होता है ''लल्ला लल्ला लोरी दूध की कटोरी, दूध में बताशा, जीवन खेल तमाशा'।

## हर बच्चों की याद बना ये गाना

फिल्म में शशि कपूर के लिए गाया गया ये गाना मुकेश की आवाज में रिकॉर्ड हुआ था और इसका सैड वर्जन लता मंगेशकर ने गाया था। आज भी जब माएं अपने बच्चों को सुलाने की कोशिश करती हैं तो इसी गाने लो लूप पर चला देती हैं। 70 के दशक के बाद के हर बच्चे के लिए ये गाना खास याद है। इस गाने को सुनकर बच्चे बड़े हुए। इस गाने को लिखने वाले गीतकार हैं आनंद बक्शी और म्यूजिक दिया था आरडी बर्मन ने।

# शेखर ने खोली फिल्म एकेडमी, खुद तैयार किया एक्टिंग कोर्स



**नई दिल्ली।** एक्टर शेखर सुमन अब युवाओं को एक्टिंग सिखाएंगे। हाल ही में उन्होंने शेखर सुमन फिल्म एकेडमी लॉन्च की है। यह एक नया एक्टिंग इंस्टीट्यूट है, जिसका मकसद अगली पीढ़ी के कलाकारों और कहानीकारों को ट्रेनिंग देना है।शेखर सुमन अपनी फिल्म एकेडमी के बारे में कहते हैं, 'मेरे लिए यह एकेडमी सिर्फ एक इंस्टीट्यूट नहीं है। यह उस कला को कुछ वापस देने का एक बहुत ही निजी तरीका है, जिसने मुझे सब कुछ दिया है। इन वर्षों में एक्टिंग ने मुझे अनुशासन, कल्पनाशीलता, जीवन में मजबूत रहने के गुण सिखाए हैं। वह आगे कहते हैं, 'इस एकेडमी के लिए मैंने खुद एक्टिंग कोर्स डिजाइन किए हैं। इसके हर पहलू पर खुद नजर रखी है। मुझे उम्मीद है कि मैं यह सीख अगली पीढ़ी के एक्टर्स तक पहुंचा पाऊंगा। इस एकेडमी के जरिए मुझे उम्मीद है कि मैं कुछ ऐसा बना पाऊंगा जो सिर्फ ट्रेनिंग से कहीं बढ़कर हो और यहां आने वाले हर स्टूडेंट के लिए एक सच्ची क्रिएटिव जर्नी बन जाए।' इस फिल्म एकेडमी में शेखर के बेटे और एक्टर अध्ययन सुमन भी अहम भूमिका निभाएंगे। वह एकेडमी के संस्थापक और डायरेक्टर के तौर पर काम करेंगे। शेखर सुमन ने अपने चार दशक के कॅरियर में टीवी, फिल्म और ओटीटी पर खूब काम किया है। अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। पिछले साल वह संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी में नजर आए थे। साथ ही बतौर प्रोड्यूसर भी उन्होंने कुछ फिल्में बनाई हैं।

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 06/04/26

ग्राम जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है ग्राम जूना बिलासपुर प०ह०न० 36 तहसील-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 371/2, 371/6 कुल रकबा 1786 वर्गफीट भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत् अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक श्री गिरीश कुमार सोनी पिता स्व. शंभुदयाल सोनी निवासी तेलीपारा तहसील- बिलासपुर जिला- बिलासपुर छत्तीसगढ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉंक 14/05/2026 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉंक 06/04/26 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर छत्तीसगढ़

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा**
**तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**-: सूचना :-**
क्र./Q/ तह./ रा.नि./ सीमा./2026
सरकण्डा, दिनांक 10/04/2026

प्रति,
1. आवेदक अर्जुन भोजवानी पिता स्व. सेवकराम 2.
2. दादू रैय्या सिंह पिता डी. डी. सिंह (म.नं.: MIGC 13 नेहरू नगर बिलासपुर) मो. नं. 9300322457
3. वाधवानी 4. प्रभारी अधिकारी छ.ग. हाउसिंग बोर्ड, नेहरू नगर बिलासपुर 5. अन्य हितबद्ध पक्षकार

**विषय:-** सीमांकन के समय उपस्थित होने की सूचना बाबत।

**संदर्भ:-**न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक/Q/ तह0/रीडर/202 बिलासपुर, दिनांक 11/11/2025

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक अर्जुन भोजवानी पिता स्व.सेवकराम निवासी गोड़पारा बिलासपुर द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम कुदुदण्ड प.ह.न.34. रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 350/3, रकबा 0.0360 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/ बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 29/04/2026 को सुबह/दोपहर / शाम, समय 11 से 5 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अत: आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

**टीप:-** विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

**राजस्व निरीक्षक सरकण्डा**
**तहसील बिलासपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**
क्रमांक क//वाचक/अति-कले/2026,
बिलासपुर, दिनाँक 15.04.2026

प्रति,

आवेदक श्री सर्वजीत सिंग आत्मज स्व नानक सिंग माता श्रीमती जसबीर कौर उम्र 39 वर्ष निवासी म.नं. सी-6 हाउसिंग बोर्ड कालोनी बाल्को नगर कोरबा थाना बाल्को तहसील व जिला कोरबा 495684 (हाल मुकाम - विगत एक वर्ष से न्यू सोन डोंगरी कबीर नगर रायपुर थाना कबीरनगर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी शिखा घोरे आत्मजा स्व.विनोद घोरे माता श्रीमती चन्द्रकला घोरे उम्र 37 वर्ष निवासी शिव मंदिर दयालबंद बिलासपुर थाना सिटी कोतवाली तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम- 1954 की धारा- 5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनाँक 25.05.2026 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



सर्वजीत सिंग



कु.शिखा घोरे

**विवाह अधिकारी,**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री महेन्द्र कुमार जायसवाल पिता श्री रामनिहोरा जायसवाल, निवासी हाउस नंबर 75 मुंगेली रोड, बजरंग चौक लोरमी, तहसील लोरमी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अधिकृत होकर आम सूचना का प्रकाशन करवाता हूँ कि मौजा परसदा (गृह नि. गं.) प.ह.नं. 47, रा.नि.मं. पेंडारी, ब्लाक तखतपुर, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के ग्राम पंचायत परसदा के अंतर्गत में स्थित दीनदयाल आवास योजना अंतर्गत एल.आई.जी. भवन क्रमांक 154, क्षेत्रफल 899.75 वर्गफीट भूमि मय मकान है। जिसका मूल विक्रय विलेख गुम हो गया है। जिसका सूचना थाना सकरी में दिया गया हैं, जिसका NCR No. 0131/2026 दिनांक 09.04.2026 हैं। श्री महेन्द्र कुमार जायसवाल पिता श्री रामनिहोरा जायसवाल, उक्त संपत्ति को विक्रय रह रहे हैं। जिसे क्रेता श्रीमती प्रतिभा कौशिक के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक ACB BHATA PARA (01843) से ऋण ले रहे हैं।

इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी अपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जानें।

शरद तिवारी, अधिवक्ता
छ.ग. उच्य न्यायालय, तिवारी चेम्बर, सदर बाजार बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9827186644, 7000131901

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-जरौंधा,**
**तहसील- तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2025-26
जरौंधा, दिनांक 21/04/2026

प्रति, 1. आवेदक प्रेमलता अग्रवाल पति मोहनलाल अग्रवाल 2. विष्णु प्रसाद पि. मालिकराम 3. गम्मत पि. सालिकराम यादव 4. गणेश, महेश, गोपीचंद पि. विष्णु 5. बबीता अग्रवाल पति बाल किशन अग्रवाल 6. दीपक कुमार पिता क्रांति लाल 7. अनिता अग्रवाल पति ...... 8. आभा रात्रे पति सुदेश रात्रे वर्गे 9. सी. राजेश्वर राव पिता परशुराम 10. चंद्रकिशन अग्रवाल पिता रघुवीर।

विषय :- सीमांकन में उपस्थित होने के संबंध में
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार तखतपुर के ज्ञापन क्र.// तह/वा./2026 तखतपुर दिनांक 29/10/26 के अनुसार।

न्यायालय तहसीलदार तखतपुर के ज्ञापन अनुसार आवेदक प्रेमलता अग्रवाल पति मोहनलाल के द्वारा ग्राम जरौधा प.ह.न. रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1777/1 1777/2क, 1791/7 रकबा क्रमश: 0.372 0.4900, 1.076 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार तखतपुर को आवेदन किया गया है। उक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 27.04.26 को समय 11 से 5 बजे से किया जाना है, आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि एवं मौका कब्जा सम्बन्धी आवश्यक दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

राजस्व निरीक्षक
जरौंधा तह-तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-जरौंधा,**
**तहसील- तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2025-26
जरौंधा, दिनांक 21/04/2026

प्रति, 1. आवेदक प्रेमलता अग्रवाल पति मोहनलाल अग्रवाल 2. संतराम पि. फेकूराम, दरसराम, जीतराम, मुकेश वगै. 3. सीमा श्रीवास पति अश्वनी 4. आकाश, विकाश, वगै. मोहन अग्रवाल, 5. अजीत शुक्ला पि. जे.एल. शुक्ला 6. मेघा चौबे पति प्रकाश चौबे 7. जगदीश पि. दशरथ 8. सूर्यांश पि करमचंद टेकवानी 9. रामकली देवांगन पति रामनारायण
10. शैल अग्रवाल पति क्रांतिलाल 11. संकेत अग्रवाल पि कांशी 12. दीपेश कुमार सरवागी पि दिनेश।

विषय :- सीमांकन में उपस्थित होने के संबंध में
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार तखतपुर के ज्ञापन क्र.// तह/वा./2026 तखतपुर दिनांक 29/10/26 के अनुसार।

न्यायालय तहसीलदार तखतपुर के ज्ञापन अनुसार आवेदक प्रेमलता अग्रवाल पति मोहनलाल के द्वारा ग्राम जरौधा प.ह.न. रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1779/1, 1659, 1660/1, 1660/2, 1661/1, 1661/2, 1777/2/ख, 1778/1 रकबा क्रमश: 0.874, 1.316, 0.405, 0.101, 0.506, 0.490, 0.522 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार तखतपुर को आवेदन किया गया है। उक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 27.04.26 को समय 11 से 5 बजे से किया जाना है, आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि एवं मौका कब्जा सम्बन्धी आवश्यक दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

राजस्व निरीक्षक,जरौंधा तह-तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दगोरी को किया गया सम्मानित



**दगोरी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा जिला कलेक्टर बिलासपुर संजय अग्रवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दगोरी को आयुष्मान कार्ड तथा वय वंदन कार्ड पंजीयन कार्य में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शुभ्रा गरेवाल, खंड चिकित्सा अधिकारी एसके गुप्ता, ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव, नर्स प्रियंका लाशकर इत्यादि उपस्थित थे।

### कोठार में आग लगने से बड़ी मात्रा में पैरा व भूसा खाक

**मुंगेली।** ग्राम घोरपुरा के बस्ती में 22 अप्रैल को दोपहर 3-4 बजे ट्रांसफार्मर से लगे खेत की घास फूंस में अचानक आग लग गई। आग हवा से फैलते हुए राजकुमार सिंह ठाकुर के कोठार में तेजी से पहुंच गई, जिससे 20 ट्राली पैरा व 10 ट्राली भूसा जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम, राजस्व हल्का पटवारी व बिजली विभाग को दी गई है।

### अचानक लापता हुई नाबालिग, तलाश जारी

**तखतपुर।** दोपहर घर से निकली नाबालिग के वापस घर नहीं आने से परेशान पिता ने अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार झिरवन निवासी नाबालिग के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसकी पुत्री 17 अप्रैल को दोपहर 1 बजे घर से निकली और जब शाम तक वापस घर नहीं पहुंचीं। इस पर उन्होंने अपने रिश्तेदारों से पूछताछ की, लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला।

## निधन

### उर्मिला अग्रवाल



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर निवासी श्रीमती उर्मिला अग्रवाल पति स्व. रघुवर दयाल अग्रवाल का निधन 71 वर्ष की आयु में हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 22 अप्रैल बुधवार की शाम 4 बजे नारियल कोठी स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे सुभाष अग्रवाल, शैलेष अग्रवाल की भाभी, लक्की अग्रवाल की माता थीं।

### भकतिन यादव



**बिलासपुर।** मस्तूरी समीपस्थ ग्राम हिर्री निवासी श्रीमती भकतीन यादव का मंगलवार 21 अप्रैल को 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उन्होंने नियमित 22 वर्ष तक सरस्वती शिशु मंदिर हिर्री में दीदी के हैसियत से बच्चों की सेवा की थी।

### इसाबेल फिलोमेना हेंड्रिक्स



**बिलासपुर।** बर्जेस इंग्लिश मीडियम स्कूल की सेवा निवृत्त प्रधानाचार्या इसाबेल फिलोमेना हेंड्रिक्स का 20 अप्रैल को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार और प्रार्थना सभा 23 अप्रैल गुरुवार की सुबह 11 बजे तोरवा कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन ईडी हेनरीक की धर्मपत्नी एवं ऑस्ट्रेलिया में सेवारत क्रिस्टोफर हेंड्रिक्स की माता थीं।

### रामनारायण जायसवाल



**जरहागांव।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक रामनारायण जायसवाल का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे भानु जायसवाल, अनिल जायसवाल के पिता थे।

### मीनाक्षी बेन नागरेचा



**बिलासपुर।** यदुनंदन नगर निवासी मीनाक्षी बेन नागरेचा (ठक्कर )का 22 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 अप्रैल गुरुवार की सुबह 11 बजे यदुनंदन नगर तिफरा मुक्ति धाम में किया जाएगा। वे राजेंद्र भाई नागरेचा (ठक्कर) की धर्मपत्नी , राजा ठक्कर की माता थी।

---

### भीषण जल संकट से लोगों के सामने निस्तारी की समस्या

# मनियारी नदी के अस्तित्व पर संकट, पानी की जगह धूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

बरेला क्षेत्र में जल संकट अब केवल एक मौसमी समस्या नहीं, बल्कि यह गंभीर आपदा का रूप ले चुका है। कभी जीवनदायिनी रही मनियारी नदी आज पूरी तरह सूखकर अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि, जहां पानी बहता था, अब वहां धूल उड़ रही है। गांवों से लेकर नगर तक पेयजल, सिंचाई और दैनिक उपयोग के लिए पानी की भारी किल्लत हो गई है।

- खुड़िया जलाशय से पानी छोड़ने कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन



### खुड़िया जलाशय से पानी छोड़ने की मांग

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए क्षेत्रवासियों, किसानों और जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर मुंगेली को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में खुड़िया जलाशय से तत्काल पानी छोड़े जाने की मांग की गई है, ताकि नहरों के माध्यम से मनियारी नदी में जल प्रवाह बहाल हो सके। लोगों का स्पष्ट कहना है कि, यदि अभी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में हालात नियंत्रण से बाहर हो जाएंगे।

### जीवन रेखा से कूड़ाघर बनी मनियारी नदी

एक समय बरेला की जीवनरेखा मानी जाने वाली मनियारी नदी आज बदहाली की तस्वीर बन चुकी है। नदी के किनारों और बीच धारा में प्लास्टिक, घरेलू कचरा, निर्माण मलबा और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि, नगर प्रशासन द्वारा सफाई के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही है। जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती।

### पशुओं और ग्रामीण जीवन पर संकट, जलस्तर गिरा

मनियारी नदी के सूखने से सबसे ज्यादा प्रभावित किसान वर्ग हुआ है। नदी किनारे होने वाली सब्जी और अन्य फसलों की खेती लगभग बंद हो चुकी है। नदी के सूखने से पशुओं के लिए पानी की भारी समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में निस्तारी के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर तक पानी लाने के लिए जाना पड़ रहा है, जिससे उनकी दिनचर्या और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। मनियारी नदी के सूखने का असर भूजल स्तर पर भी साफ दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के कई बोरवेल और हैंडपंप पूरी तरह सूख चुके हैं, जबकि जो चल रहे हैं उनमें भी पानी बहुत कम मात्रा में निकल रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में यह स्थिति लोगों के लिए गंभीर संकट का कारण बन गई है।

### अवैध रेत उत्खनन ने बढ़ाई मुसीबत

नदी के सूखते ही अवैध रेत उत्खनन का खेल तेज हो गया है। रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से खुलेआम रेत की निकासी की जा रही है। इससे नदी की संरचना को भारी नुकसान पहुंच रहा है व भविष्य में जल संचयन की संभावना खत्म होती जा रही है। स्थानीय लोग प्रशासन मिलीभगत व लापरवाही के आरोप लगा रहे हैं। लगातार शिकायतों और मांगों के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि, यदि जल्द ही निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे।

### क्षेत्र की आखिरी उम्मीद खुड़िया जलाशय

वर्तमान संकट के बीच खुड़िया जलाशय ही एकमात्र ऐसा स्रोत बचा है, जिससे राहत की उम्मीद की जा रही है। बरेला नगर अध्यक्ष नरेश पटेल सहित कई जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि, जलाशय से तुरंत पानी छोड़ा जाए, ताकि नहरों के जरिए नदी और आसपास के क्षेत्रों में जल प्रवाह बहाल हो सके। इस कदम से पेयजल और सिंचाई दोनों समस्याओं में राहत मिलने की संभावना है।

### कलेक्टर से अनुशंसा ली गई

खुड़िया जलाशय को खोलने के संबंध में कलेक्टर से अनुशंसा ले ली गई है। कुछ दिन बाद खुड़िया जलाशय छोड़ दी जाएगी।

- **हेमेंद्र देव सिंह**, ईई जल संसाधन विभाग, मुंगेली

---

# महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

महिला आरक्षण बिल को लेकर देशभर में छिड़ी राजनीतिक बहस के बीच सीपत में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। महिला मोर्चा, मंडल एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और पेट्रोल पंप से रैली निकालते हुए नवाडीह चौक तक पहुंचे।

- विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी व पुतला दहन

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अंत में पुतला दहन कर अपना आक्रोश प्रकट किया। रैली के दौरान पूरा क्षेत्र नारेबाजी से गूंज उठा। नवाडीह चौक पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। पुतले को लात-घूंसों से पीटा गया एवं उसका मुंह काला कर आग के हवाले कर दिया गया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह और आक्रोश देखने को मिला। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गायत्री साहू ने कहा कि, महिला आरक्षण बिल का विरोध करना सीधे-सीधे देश की महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों का अपमान है। जिला महामंत्री अंकिता शुक्ला ने कहा कि, देश की महिलाएं अब अपने अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार हैं। संसद में महिला आरक्षण बिल का विरोध अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह दर्शाता है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल महिलाओं को समान अधिकार देने के प्रति गंभीर नहीं हैं। विपक्ष की मानसिकता महिलाओं के सशक्तिकरण के खिलाफ है। जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल ने कहा कि, बिल को पारित नहीं होने देना विपक्ष की साजिश है। यह बिल देश की बेटियों के भविष्य को मजबूत करने वाला था, लेकिन विपक्ष ने षड्यंत्र कर इसे रोकने का प्रयास किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि, महिला आरक्षण बिल महिलाओं के हित में था, लेकिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर यह साबित कर दिया कि, वे महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखना चाहते हैं। **इनकी रही मौजूदगी-** विरोध प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गायत्री साहू, महामंत्री अंकिता शुक्ला, जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नागेश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष बबीता पाटनवार, महामंत्री गीता साहू, नूरी कौशिल, मस्तूरी जनपद अध्यक्ष, नंदनी साहू, जिलाध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारिकेश पांडेय, दिलेंद्र कौशिल, भाजपा प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, बलराम पाटनवार, एमनलाल साहू, बांके बिहारी गुप्ता, रामशरण गुप्ता, हरिकेश गुप्ता, अंकित मिश्रा, जिला ग्रामीण भाजयुमो महामंत्री तुषार चंद्राकर, अंकुर सिंह ठाकुर, ललित यादव, करण सिंह, ऋतिक नागदेव, प्रकाश तिवारी, सीपत मंडल भाजयुमो अध्यक्ष वैभव तंबोली, अंजनी भास्कर पटेल, नारायण साहू, तुसीताराम पाटनवार, तुलेश्वर पाटनवार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



---

# पत्नी की हत्या, सिर हाथ में लेकर गांव में घूमता रहा पति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक सिरफिरा पति अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दिया और उसके सिर को धड़ से अलग कर हाथ में लेकर गांव मे घूमता रहा। जिससे गांव में सनसनी फैल गई। जब ग्रामीणों ने यह दृश्य देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पति को हिरासत में ले लिया। पति ने हत्या किसलिए और क्यों की है यह स्पष्ट नहीं हो पाया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुंदेली में बुधवार शाम यह घटना घटित हुई है। बताया जाता है कि गांव में रहने वाले सालिकराम यादव ने अपनी पत्नी चेंचकुंवर पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर उसके धड़ से सिर को अलग कर दिया।



हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद सालिकराम यादव अपनी पत्नी के सिर को लेकर गांव की गलियों में घूमता रहा, जिसे देखकर गांव के लोग दहशत में आ गये थे। लगभग आधे घंटे तक सालिकराम अपनी पत्नी के सिर को लेकर घूमता रहा। जब घटना की सूचना बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी, व रजगामार चौकी प्रभारी विनोद सिंह को मिली तो वे दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पति सालिकराम यादव को गिरफ्तार कर लिया।

---

# भाजपा की प्रेसवार्ता, नपा अध्यक्ष के आरोपों को बताया झूठा

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओं ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर अध्यक्ष रोहित शुक्ला के द्वारा अरुण साव पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए अध्यक्ष शुक्ला को कटघरे में खड़ा कर दिया।

नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव पर आरोप लगाया था कि, साव द्वारा दुर्भावनापूर्वक पूर्वक नोटिस भेज कर उनको पद से हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इसके विरोध में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओं ने पत्रकार वार्ता आयोजित की। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि, पीआईसी के गठन का अधिकार नगर पालिका अध्यक्ष का है। पीआईसी गठन में अनियमितता एवं त्रुटि होने व बिना सहमति के पीआईसी सदस्य नियुक्त करने के कारण सदस्यों ने इस्तीफा दिया। अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने नगर पालिका अधिनियम के नियमों का पालन नहीं किया, इस कारण से मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने शासन को भेजी गई जानकारी के आधार पर नगर पालिका अध्यक्ष को नोटिस जारी किया गया है। अध्यक्ष अपनी नाकामी को छिपाने तथा विधि अनुकूल कार्य नहीं करने एवं मुंगेली के जनता को गुमराह करने के लिए उपमुख्यममत्री अरुण साव पर आरोप लगाया है, जो सरासर गलत है। इस प्रेस पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष दीनानाथ केसरवानी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेष पाठक, प्रदेश स्थाई सदस्य गिरीश शुक्ला, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा एवं जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक उपस्थिति रहे।




---

### नेवरा में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम




**नेवरा।** शासन की महत्वाकांक्षी 'निशुल्क साइकिल वितरण' योजना के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल नेवरा में कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को साइकिलें प्रदान गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष विनोद यादव रहे एवं अध्यक्षता प्राचार्य आरके पटेल ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि कृष्ण कुमार साहू, नेवरा सरपंच मुंजन साहू, हरिशंकर उजागर, सुनील बंजारे, हेमचंद सिदार, सूर्य प्रकाश सोनी उपस्थित थे। विनोद यादव ने छात्राओं को साइकिल की मदद से शिक्षित होकर भविष्य गढ़ने करने के लिए प्रेरित किया एवं सरपंच ने शासन की योजना के बारे में प्रकाश डाला। साथ ही श्रीलिना शर्मा पीटीआई के कुशल नेतृत्व में राज्य स्तरीय विजेता निधि साहू कराटे, प्रभा लहरे ताइक्वांडो तथा मेशवराज वेटलिफ्टिंग में प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजीत तिवारी व आभार प्रदर्शन अनीता वर्मा ने किया।

---

# 5 कृषि केंद्रों पर प्रतिबंध, 17 को नोटिस जारी

**मुंगेली।** जिले के किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले खाद एवं बीज उपलब्ध कराने हेतु कृषि विभाग द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला एवं विकासखंड स्तरीय टीमों ने जिले के विभिन्न कृषि केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अभियान के तहत कुल 43 कृषि केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें अनियमितता पाए जाने पर 5 कृषि केंद्रों में विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया तथा 17 केंद्रों को नोटिस जारी किया गया। साथ ही संबंधित संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि निर्धारित दर पर ही रासायनिक उर्वरकों का विक्रय करें तथा खाद के साथ अन्य सामग्री अनिवार्य रूप से न जोड़ें।



कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि, खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों के लिए खाद एवं बीज का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध हो सके। वर्तमान में जिले में 31 हजार 128 टन से अधिक रासायनिक उर्वरक उपलब्ध है, जिसमें से 16 हजार 527 टन से अधिक निजी एवं सहकारी क्षेत्र में भंडारित किया जा चुका है और वितरण की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने किसानों से किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक जानकारी पर ध्यान नहीं देने और निर्धारित दर पर ही खाद–बीज की खरीदी करने की समझाइश दी।

### 30 तक श्रम पंजीयन अनिवार्य, सूचना जारी

**मुंगेली।** जिले के पंजीकृत श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिन श्रमिकों ने अब तक अपने श्रम पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया है, वे 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से नवीनीकरण करा लें, अन्यथा वे शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि, श्रमिक अपने पंजीयन का नवीनीकरण जिला श्रम कार्यालय, लोक सेवा केंद्र अथवा 'श्रमेव जयते' मोबाइल एप के माध्यम से आसानी से कर सकते हैं। नवीनीकरण प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक श्रमिक इसका लाभ उठा सकें।

# 11 महीनें से सोसाइटी में पड़ी 25 टन अमानक एसएसपी खाद

**मरवाही।** मरवाही की सहकारी समिति में अमानक एसएसपी खाद पिछले एक साल से डंप है, जिसमें समिति का लाखों रुपए फंसा हुआ है एवं समिति को ब्याज भी भरना पड़ रहा है। इस पर नोडल अधिकारियों का कहना है कि, उन्हें जानकारी नहीं, लेकिन अभी तक इसका निराकरण एवं खाद निर्माता कंपनी पर कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। यदि यही अमानक खाद किसी खास बीज व्यापारी के पास निकलता तो उसके ऊपर तमाम कानूनी कार्रवाई हो जाती, लेकिन यहां पर शासन की समिति में टनों अमानक खाद पड़ी है, जिसके लिए अभी तक खाद निर्माता कंपनी पर ना तो कोई जुर्माना लगाया गया है, न ही कोई कानूनी कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि, मरवाही सोसाइटी द्वारा 2025 में एसएसपी खाद की खरीदी बीईसी फर्टिलाइजर सिरगिट्टी बिलासपुर से की गई थी, जिसका सैम्पल कृषि विभाग द्वारा रायपुर भेजा गया। परीक्षण में इसमें मानक स्तर के इन्ग्रेडियेन्ट्स नहीं मिले, जिसके आधार पर समिति में उक्त खाद की बिक्री में रोक लगा दी गई।



### बिक्री पर रोक लगा दी गई

हमारे विभाग द्वारा बीईसी फर्टिलाइजर सिरगिट्टी के एसएसपी खाद का सैम्पल लिया गया था, जो कि अमानक निकला। यह जांच शासकीय लैब रायपुर में की जाती है, जिस पर बिक्री में रोक लगा दी गई।

-सत्यजीत कंवर, डीडीए

### कार्रवाई की जाएगी

मरवाही समिति में अमानक स्तर का 25 टन एसएसपी खाद रखी हई है, इसकी जानकारी आज आपसे मिल रही है। तत्काल इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

- **विनय साहू**, नोडल अधिकारी, जेएसकेबी

---

### सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

# भगवान परशुराम का जीवन त्याग, तप व धर्मरक्षा का उदाहरण: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

ब्राम्हणों के कुल जनक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर बिल्हा सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ विनोद शर्मा शामिल हुए। श्री शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकश डालते हुए कहा कि, भगवान परशुराम का जीवन त्याग, तप और धर्मरक्षा का अद्भुत उदाहरण है। शक्ति जब संयमित होती है, तभी वह धर्म बनता है। शस्त्र युद्ध जीतता है और शास्त्र जीवन को दिशा देता है। इन दोनों के संतुलन का नाम ही परशुराम है। कार्यक्रम को बिल्हा नपं उपाध्यक्ष सतीश शर्मा एवं महिला मंडल के पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के पूर्व सर्व ब्राम्हण ने द्वारा भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली, जो परशुराम भवन से प्रारंभ हुई और नगर भ्रमण करते हुए वापस परशुराम भवन पहुंच कर संपन्न हुई। अग्रवाल, सिख व सिंधि समाज ने पूजा-अर्चना एवं स्वल्पाहार के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया। इसके बाद ब्राह्मण महिला मंडली की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय आने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि एवं समाज के सदस्यों ने पुरस्कार वितरण किया। गया कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।



### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, सचिव अनिलशर्मा, उपाध्यक्ष उमेश शर्मा, सहसचिव कैलाश शर्मा सहित वरिष्ठजन शंकर लाल शर्मा, देवकरण शर्मा, सीताराम शर्मा शंकरलाल शास्त्री, जुगलकिशोर शर्मा, मनोहर शर्मा, रामअवतार शर्मा, कैलाश शर्मा, ऋषि शर्मा, महेश शर्मा, सुरेश शर्मा, राजेश शर्मा, ललित शर्मा, प्रदीप शर्मा, लक्ष्मीचंद शर्मा,नंदलाल शर्मा, केशव शर्मा, दिलीप शर्मा ,मनोज शर्मा, डॉ शेखर शर्मा, बबलू शर्मा, शिव शर्मा, कमल शर्मा, अरविंद शर्मा, नटवर शर्मा, हरीश शर्मा, पंकज शर्मा, राहुल शर्मा, गगन शर्मा, अंकुश शर्मा, विवेक शर्मा, गौरव शर्मा, प्रतीक शर्मा, दीपक शर्मा, पीयूष शर्मा, दिव्यांशु शर्मा, प्रियांशु शर्मा, शुभम शर्मा, उदित शर्मा,शरद शर्मा, अभिषेक शर्मा, दिनेश शर्मा, राहुल तिवारी, प्रथम शर्मा, कान्हा शर्मा, कृष्णा शर्मा, यश शर्मा, अंकित शर्मा, संजू शर्मा, सक्षम शर्मा, तुषार शर्मा, वैभव शर्मा, आदित्य शर्मा, विकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल भवन पर बुलडोजर चला कर किया क्षतिग्रस्त



**मुंगेली।** जिले के ग्राम पालचुवा में मंगलवार रात अज्ञात व्यक्तियों ने स्कूल भवन पर बुलडोजर चलाकर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के कई कमरों को इस घटना में गंभीर नुकसान पहुंचा है। स्कूल की दीवारें और संरचनाएं बुरी तरह टूट–फूट गई हैं, जिससे आने वाले दिनों में बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों और शिक्षकों में भारी आक्रोश घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सुबह जब शिक्षक और ग्रामीण स्कूल पहुंचे, तो क्षतिग्रस्त भवन को देखकर सभी स्तब्ध रह गए। लोगों ने इस कृत्य को 'शिक्षा के मंदिर' पर हमला बताते हुए कड़ी निंदा की है।

**खबर संक्षेप**

## बैराज के पास लोहे के पोल से टकराया पिकअप, एक की मौत



**बिलासपुर।** देर रात डीजे में डिस्को बिजली लाइट का काम करने के बाद लौट रहे मजदूरो से भरा पिकअप बैराज के पास लोहे के पोल से टकरा गया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। वहीं आधा दर्जन मजदूर घायल हो गए हैं। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, लालपुरकला लोरमी निवासी प्रकाश रामेकर पिता झाडू रामेकर 18 साल डीजे में डिस्को बिजली लाइट का काम करता था। रात 2 बजे वह अन्य मजदूरों के साथ पिकअप वाहन सीजी 12 एएस, 2306 के पीछे बैठकर कोनी की ओर लौट रहा था। पिकअप ड्राइवर शार्टकट के चक्कर में सरकण्डा शिवघाट से बैराज होते हुए जाने के लिए निकला। रफ्तार तेज होने से गाड़ी अनियंत्रित होकर बैराज के पास लगे लोहे पोल से टकरा गई । हादसे में प्रकाश रामेकर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं आधा दर्जन मजदूर घायल हो गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक का शव मरच्यूरी में रखवाकर घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

## नकली के बदले असली जेवर खरीदने पहुंचा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सराफा दुकान में नकली चांदी के बदले असली चांदी के जेवर खरीदने आए युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, 21 अप्रैल को सदरबाजार स्थित राकेश ज्वेलर्स में एक युवक आया और पुरानी चांदी के जेवर के बदले नए चांदी के जेवर खरीदने की बात कही। मैनेजर हितेश सोनी उससे चांदी के जेवर लेकर असली चांदी के जेवर दिखाने लगा। इसी बीच उन्होंने उसके चांदी के जेवर की जांच की तो उसे नकली पाया। मैनेजर उसे बातों में फंसाकर रखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस दुकान में आकर नकली चांदी के साथ राजस्थान रासीसरबासबाड़ा निवासी पवन पिता नरसिराम को पकड़ लिया। पुलिस ने मैनेजर की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## चरित्रशंका पर कुल्हाड़ी मारकर पत्नी की हत्या

**बिलासपुर।** चरित्रशंका में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, रिसदा निवासी जीवन नोरगे पिता स्व. किशन लाल नोरगे 65 साल अपनी पत्नी सरस्वती नोरगे पर चरित्रशंका कर आए दिन विवाद करता था। 21 अप्रैल की रात उसी बात को लेकर दोनों पति पत्नी के बीच विवाद हुआ। उसने पत्नी के साथ मारपीट कर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। उसके बाद मस्तूरी थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। पुलिस उसके घर गई तो उसकी पत्नी की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई थी। 22 अप्रैल को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के लिए शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103, 1 के तहत आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## नाबालिग को भगाकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग को भगाकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना के एसआई ममता दुबे ने बताया, वर्ष 2024 में क्षेत्र में रहने वाली 15 साल की लड़की को सकरी परसदा निवासी अभिषेक निषाद घर से भगाकर हैदराबाद पुणे ले गया था। दोनों पति के पत्नी की तरह रह रहे थे। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस अपराध कायम पतासाजी में जुटी हुई थी। 21 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली युवक युवती को लेकर अपने घर आया हुआ है। पुलिस ने परसदा में दबिश देकर नाबालिग व युवक को पकड़ लिया। वर्तमान में नाबालिग 9 माह से गर्भवती है। पुलिस ने नाबालिग का बयान लेने के बाद अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया है।

**सिम्स के डॉक्टरों का कमाल**

**खेलते-खेलते बच्चे ने 5 रुपए का सिक्का निगल लिया था, डॉक्टरों ने समय रहते मासूम की जान बचा ली**

# एंडोस्कोपिक तकनीक से सिम्स में बची मासूम की जान

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स में एक बार फिर चिकित्सकीय दक्षता, अत्याधुनिक तकनीक और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया है। धवलपुर थाना झगड़खा जिला चिरमिरी निवासी 5 वर्षीय मासूम नितिन सिंह की जान डॉक्टरों ने समय रहते एंडोस्कोपिक प्रक्रिया के माध्यम से बचा ली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घटना सोमवार शाम लगभग 7 बजे की है, जब खेलते-खेलते बच्चे ने 5 रुपए का सिक्का निगल लिया, जो उसके गले में जाकर फंस गया। सिक्का श्वसन मार्ग के पास अटक जाने के कारण बच्चे को सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी और उसकी स्थिति तेजी से बिगड़ती जा रही थी। परिजन तत्काल बच्चे को सिम्स लेकर पहुंचे, जहां आपातकालीन स्थिति को देखते हुए बिना विलंब के उपचार शुरू किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजनों द्वारा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को सूचना दी गई। स्वास्थ्य मंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सिम्स के अधिष्ठाता डॉ.रमणेश मूर्ति को फोन कर बच्चे के इलाज हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अधिष्ठाता के निर्देशन में ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. आरती पांडे के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम का गठन किया गया।

टीम में डॉ. विद्या भूषण साहू, डॉ. श्वेता मित्तल, डॉ. तन्मय गौतम, डॉ. बरसे महादेव, तथा एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति के मार्गदर्शन में डॉ. यशा तिवारी, डॉ. बलदेव नेताम को शामिल किया गया। बच्चे की स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट किया गया, जहां अत्याधुनिक एंडोस्कोपिक तकनीक का उपयोग करते हुए सटीक और सुरक्षित प्रक्रिया अपनाई गई। एंडोस्कोपिक विधि के माध्यम से बिना किसी बड़े चीरे के, विशेष उपकरणों की सहायता से गले में फंसे सिक्के को सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया।

पूरी प्रक्रिया के दौरान एनेस्थीसिया टीम ने बच्चे की सांस और जीवनरक्षक संकेतों को पूरी सतर्कता से नियंत्रित रखा। डॉक्टरों की सूझबूझ, सटीक तकनीक और बेहतर समन्वय के चलते कुछ ही समय में ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और बच्चे की जान बच गई। वर्तमान में बच्चा पूरी तरह सुरक्षित है और चिकित्सकों की निगरानी में तेजी से स्वस्थ हो रहा है।



### स्थिति नाजुक थी

बच्चे की स्थिति अत्यंत नाजुक थी। एंडोस्कोपिक तकनीक के माध्यम से हमने बिना विलंब के सटीक हस्तक्षेप किया, जिससे जटिलता से बचते हुए सुरक्षित रूप से सिक्का निकाला जा सका। सिम्स में अत्याधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता के कारण हम इस प्रकार की आपात स्थितियों को सफलतापूर्वक संभाल पा रहे हैं।

**- डॉ. रमणेश मूर्ति**
अधिष्ठाता, सिम्स

### सफलता टीमवर्क की

यह सफलता सिम्स की मजबूत टीमवर्क, त्वरित निर्णय क्षमता और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों का परिणाम है। हमारे यहां हर मरीज के लिए समर्पित सेवाएं उपलब्ध हैं। इस तरह की उपलब्धियां संस्थान के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूत करती हैं।

**- डॉ.लखन सिंह**
चिकित्सा अधीक्षक

**35 करोड़ खर्च कर कोतवाली और इमलीपारा में दो व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाए गए हैं**

# निगम बार-बार टेंडर कर रहा, पर प्रीमियम जगह की 51 दुकानों को खरीदने कोई नहीं पहुंच रहा



इमलीपारा पुराना बस स्टैंड के पास बनाई गई दुकानें खाली पड़ी हैं।

35 करोड़ खर्च कर कोतवाली और इमलीपारा में दो व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाए गए हैं। इसमें कोतवाली में 46 में 22 दुकानें तो इमलीपारा में 59 में से 29 दुकानें अभी भी खाली हैं। इन दुकानों के लिए निगम बार-बार टेंडर कर रहा है लेकिन कोई नहीं ले रहा है। व्यापारियों का कहना है कि इन दुकानों का किराया इतना अधिक रखा गया है कि इसे लेने में परेशानी हो रही है। प्रीमियम जगह की दुकानें खाली रहने पर सवाल भी उठ रहे हैं।

**कोतवाली में 46 में 22 दुकानें तो इमलीपारा में 59 में से 29 दुकानें अभी भी खाली हैं**



सिटी कोतवाली परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में बनी दुकानों को किराए पर लेने कोई तैयार नहीं है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुराने बस स्टैंड रोड और इमलीपारा रोड की दुकानों के आवंटन का मामला हाईकोर्ट में चल रहा है।

इसी बीच निगम ने 59 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर नवंबर 2025 में जारी किया था। भू तल की 22 दुकानों की नीलामी हो भी गई। इसमें निगम को 30 से लेकर 40 हजार रुपए तक किराया मिलेगा।

निगम के मुताबिक इन दुकानों से हर महीने 8 लाख 20 हजार और सालाना करीब एक करोड़ रुपए का किराया मिलेगा। शेष दुकानों के आबंटन के लिए कुछ दिनों बाद प्रक्रिया होगी।

### 22 दुकानों के लिए 7 मई तक निविदा

दूसरी ओर 29 करोड़ 76 लाख की लागत से बना सिटी कोतवाली परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग बनाया गया है। जिसमें 192 कार और 325 बाइक एक साथ पार्क की जा सकेगी। ल्टीलेवल पार्किंग ग्राउंड फ्लोर के अलावा सभी फ्लोर में पार्किंग की सुविधा ग्राउंड फ्लोर को कमर्शियल कांप्लेक्स के तौर पर विकसित किया गया है जिसमें 46 दुकानों का निर्माण किया गया है। इसमें से 24 दुकानों का आंबटन तो हो गया है और दुकानें खुल गईं हैं लेकिन 22 दुकानें करीब एक साल से खाली हैं। इनके आबंटन के लिए कई बार टेंडर जारी किया जा चुका है लेकिन व्यापारी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। अब निगम ने एक दिन पहले एक और टेंडर जारी किया है। इसमें शेष 22 दुकानों के लिए 7 मई तक नीविदा मंगाई गई है।

### तीन साल का बनेगा किरायानामा

इधर निगम ने जो टेंडर किया है उसमें कहा गया है कि दुकानों की किराए पर लेने के लिए अमानत राशि के 50 हजार रुपए का डीडी जमा करना होगा। टेंडर में यह भी शर्त थी कि एक ही क्रमांक की दो दुकानों की मांग आने पर उच्चतम दरदाता की अमानत राशि छोड़कर शेष की अमानत राशि मूलतः वापस कर दी जाएगी। इसके साथ ही 11 महीने का किराया निगम के खाते में जमा करना होगा। दुकानों का आवंटन मासिक किराएदारी पर तीन वर्ष के लिए होगा। हर तीन वर्ष में 15 प्रतिशत वृद्धि किराए में की जाएगी।

### 30 दुकानों का हुआ आवंटन

दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर जारी किया है। इमलीपारा में दो चरण में 30 दुकानों का आबंटन हो चुका है। इनका अनुबंध भी हो गया है। बाकि 29 दुकानें भी जल्द आबंटित कर दी जाएंगी।

**- खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त
नगर निगम

**नेहरू नगर गीतांजलि विहार में हुई वारदात**



गीतांजलि विहार स्थित मकान में जांच करती पुलिस।

# रिटायर्ड बैंककर्मी के घर से 11 तोले के जेवरात चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक बार फिर चोरों ने सक्रियता दिखाते हुए रिटायर्ड बैंककर्मी के सूने मकान के दरवाजे का कुंदा तोड़कर आलमारी के लॉकर से 11 तोला सोना, चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर आसानी से भाग गए।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर गीतांजली विहार निवासी रिटायर्ड बैंककर्मी देवदास बर्मा 20 अप्रैल को घर की चाबी नौकरानी सीमा यादव को देकर रायपुर चले गए थे। 22 अप्रैल की सुबह 9.30 बजे नौकरानी ने श्री बर्मा को फोन कर बताया कि उनके घर के दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ है और आलमारी खुली हुई है। दोपहर 12 बजे पति पत्नी वापस घर आकर देखे तो आलमारी के लॉकर से 11 तोला सोना व चांदी के जेवर व 10 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। श्री बर्मा ने चोरी की जानकारी सिविल लाइन थाने को दी। सूचना मिलते ही सीएसपी नितिमेश सिंह, सिविल लाइन पुलिस व एसीसीयू टीम मौके पर पहुंच गई। घर का मुआयना करने के बाद आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला गया। जिसमें 21 - 22 अप्रैल के मध्य एक व्यक्ति उनके घर में घुसते नजर आ रहा है। कैप लगाने से व्यक्ति का चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा है।

- **सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध घर में घुसते आ रहा नजर**

### रेलवेकर्मी के घर चोरी

तारबाहर पुलिस के अनुसार, रेलवे आफिसर्स कालोनी निवासी रेलवेकर्मी चक्रेश कुमार पिता चेतराम 21 अप्रैल को सुबह 9 बजे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर ड्यूटी में चले गए थे। शाम 7 बजे वापस घर लौटे तो बाहर का दरवाजा खोलकर अंदर आए तो चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर सामान बिखरे पड़े थे। बैग में रखा 20 हजार रुपए नकद, गुल्लक तोड़कर 5 हजार, सोनाटा कंपनी की कलाई घड़ी, सोने की अंगूठी, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर बाक्स चोरी हो गया था। ज्ञात हो कि इसके पहले 17 अप्रैल को रेलवे क्षेत्र में कंट्रक्शन कालोनी निवासी रेलवेकर्मी मनीष साहू के घर से 4 तोला सोने के जेवर, 50 हजार नकद व 21 अप्रैल को कंट्रक्शन कालोनी निवासी रेलवेकर्मी उत्तम कुमार अनंत के घर से 1 लाख 10 हजार रुपए नकद, चांदी के जेवर चोरी हुई थी।

### ये जेवर हुए चोरी

सोने का नेकलेस, 3 सोने की चेन, 1 मंगलसूत्र, 3 सोने की अंगूठी, 1 जोड़ी टाप्स, 1 जोड़ी झुमका, 6 जोड़ी चांदी के पायल व 10 हजार रुपए नकद चोरी हुई है। पुलिस ने एफआईआर में 7 लाख रुपए के जेवर व नकद चोरी होना लिखा है।

### सकरी के दो मकान में चोरी

सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर कांटीखार निवासी लकीम खान 21 अप्रैल की सुबह घर के दरवाजे में ताला लगाकर काम पर चले गए। इसी दौरान चोरों ने उनके घर का दरवाजा उखाड़कर पेटी से सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी, नथनी व 7 हजार रुपए चोरी कर लिया। इसी तरह पेण्डारी निवासी मिनाक्षी लाडीकर के घर से सोने का माला चोरी कर लिया गया है।

## कब्जा की शिकायत करने पर वकील को मारने की धमकी

**बिलासपुर।** शासकीय जमीन में कब्जा करने की कमिश्नर से शिकायत करने पर वकील को फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने धमकी देने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, महाराणप्रताप चौक निवासी वकील गजेन्द्र सिंह पिता होरीलाल सिंह ने शासकीय जमीन में कब्जा करने की शिकायत कमिश्नर की थी। उसके बाद उन्हें विनोबा नगर मैग्नेटो मॉल के पास रहने वाले संतु शर्मा ने फोन कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने वकील की रिपोर्ट पर संतु शर्मा के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## युवकों ने छात्र को पीटा मोबाइल, बाइक में तोड़फोड़

**बिलासपुर।** स्वीमिंग पूल से नहाकर हास्टल लौट रहे छात्र को रोककर युवकों ने हाथ मुक्का, बेल्ट से जमकर मारपीट की और उनका मोबाइल पटककर तोड़ दिया। उसके बाद बाइक में जमकर तोड़फोड़ कर दी।सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश फतेहपुर निवासी अंशुमान सिंह पिता मनोज कुमार सिंह गुरू घासीदास विश्व विद्यालय के हास्टल में रहकर लॉ की पढ़ाई कर रहे हैं। 20 अप्रैल को शाम 4.40 बजे स्वीमिंग पूल से नहाकर हास्टल जा रहे थे। कुदूदण्ड बैराज के पास स्कूटी सवार युवकों के द्वारा ओवरटेक करते हुए उनके साथ गाली गलौज करने लगे। मना करने पर युवकों ने अंशुमान के साथ हाथ मुक्का, बेल्ट से जमकर मारपीट करते हुए उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। उसके बाद उनकी बाइक में जमकर तोड़फोड़ की। उनके दोस्तों ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई है। पुलिस ने छात्र की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 324, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**असामाजिक तत्वों का अड्डा-**कुदूदण्ड बैराज के आसपास सुबह से देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। ग्रुप बनाकर नशेड़ी गांजा व शराबखोरी, नशीले दवाई व इंजेक्शन लगाते रहते है। बैराज बनने के बाद संभ्रात परिवार के लोगों का आना जाना बढ़ गया है। नशेड़ियों पर कार्रवाई नहीं होने से बड़ी वारदात हो सकती है।

## बीए फर्स्ट प्राईवेट के परीक्षा परिणाम को लेकर एआईडीएसओ ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा घोषित बीए फर्स्ट ईयर के परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों में नाराजगी है। परीक्षा परिणाम के संबंध में शिकायत लेकर बुधवार को छात्र संगठन एआईडीएसओ के छात्र यूनिवर्सिटी पहुंचे थे।

इन छात्रों के अनुसार हाल ही में 17 अप्रैल को जारी बीए प्रथम वर्ष प्राईवेट के परीक्षा परिणाम में भारी त्रुटि हुई है। शासकीय जेपी वर्मा कॉलेज बिलासपुर के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं प्राइवेट के इतिहास के पेपर का परिणाम खराब आया है। जहां छात्रों को शून्य, दो, तीन, चार, पांच जैसे अंक मिले हैं जो असंभव है। यह सिर्फ इतिहास विषय में नहीं बल्कि अन्य विषयों की यही हालत है। यहां तक कि अन्य कॉलेज के छात्रों की परीक्षा परिणाम में भारी त्रुटि हुई है। उत्तरपुस्तिका की जांच में गड़बड़ी छात्रों के भविष्य को बर्बाद कर देगी, चूंकि नई शिक्षा नीति के तहत रिचेकिंग का अवसर खत्म कर दिया गया है। छात्र चाहकर भी अपनी उत्तरपुस्तिका नहीं देख सकते जो कि अनुचित है। इस तरह यह छात्र-छात्राओं के मूलभूत अधिकारों को खत्म कर देना है यह छात्रों के साथ अन्याय है। छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन बिलासपुर जिला कमेटी की ओर से यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक को आज ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें यह मांग किया गया कि रिचेकिंग का अवसर निःशुल्क प्रदान किया जाए और जिन छात्र-छात्राओं के परिणाम में त्रुटि हुई है सभी की उत्तरपुस्तिका पुनः जांच कर उचित परिणाम जारी किया जाए। इसके अलावा छात्रों को आवागमन की मुवावजा दिया जाए। परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर ने कहा कि परिणाम में हुई त्रुटि का उचित जांच कर कार्यवाही किया जाएगा और एक सप्ताह के अंदर परिणाम पुनः जारी किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411